हरिभूमि
रायपुर भूमि



## हालत ऐसी कि पैदल यात्री नीचे गिर जाए

*हरिभूमि की टीम ने एफओबी का मौके पर जायजा लिया तो पाया कि कई जगह से सीढ़ियों की प्लेट उखड़ गई हैं। इसके साथ ही एफओबी पर पैदल चलने लगाए गई प्लेटों में जंग लग गई है। बारिश तथा धूप से बचने एफओबी की छत पर लगाए गए शेड उखड़े हुए मिले। हालत ऐसी है कि एफओबी के प्लेट का कई जगह से ज्वाइंट खुल गया है, इसके चलते हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थिति ऐसी है कि प्लेट में जंग लगने तथा ज्वाइंट खुलने से एफओबी पर से गुजरने वाला कभी भी नीचे गिर सकता है।*

# फुट ओवरब्रिज सात साल में ही कबाड़, शराबियों का बना ठिकाना

### पूरे समय भारी वाहनों का दबाव

हीरापुर चौक में पूरे दिन भारी वाहनों का दबाव बना रहता है। जिस उद्देश्य को लेकर हीरापुर चौक में एफओबी का निर्माण किया गया था, वह उद्देश्य पूरा नहीं हो पाया। एफओबी की हालत जर्जर होने की वजह से लोग एक छोर से दूसरे छोर जाने सड़क मार्ग का प्रयोग करने मजबूर हैं। हीरापुर तथा कबीर नगर चौक पर निर्माण किए गए एफओबी में सही स्थिति में कबीर नगर चौक का एफओबी है। कबीर नगर चौक के एफओबी से लोग आवाजाही भी कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रिंग रोड दो में हादसा रोकने सात वर्ष पूर्व हीरापुर तथा कबीर नगर में बनाए गए दो फूट ओवरब्रिज में से एक काफी जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। ब्रिज की हालत को देखते हुए लोग सड़क पर एक छोर से दूसरे छोर जाने फूट ओवरब्रिज के बजाय भारी वाहनों के बीच जान जोखिम में डाल कर रोड पार कर रहे हैं। ब्रिज में आवाजाही नहीं होने से नशेड़ियों ने उसे शराब पीने का अड्डा बना लिया है। वर्ष 2016-17 में टाटीबंध से भनपुरी जाने वाले मार्ग का चौड़ीकरण होने के बाद हीरापुर तथा कबीर नगर में पैदल रोड पार करने वाले ▶▶|शेष पेज 15 पर

- शिकायत के बाद भी रख-रखाव नहीं होने से क्षेत्रवासी आक्रोषित





### शिकायत के बाद भी अनदेखी

वीर सावरकर वार्ड के पार्षद संदीप साहू के अनुसार हीरापुर एफओबी को सुधारने संबंधित विभाग को कई बार पत्र लिखा गया है। बावजूद इसके विभाग इसकी मरम्मत करने कोई ▶▶|शेष पेज 15 पर

हरिभूमि सरोकार

## खबर संक्षेप

### अज्ञात के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज

**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र में होली के दिन युवक की मौत मामले में पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या का अपराध दर्ज किया है। राटाकाटा निवासी खोरबहरा निषाद होली के दिन शराब के नशे में था। घटना दिनांक को वह शाम के समय घर से निकला। घर आने पर उसे खून की उल्टियां होने लंगी। परिजन खोरबहरा को उपचार कराने अस्पताल ले गए। अस्पताल पहुंचने के बाद चिकित्सकों ने खोरबहरा को मृत घोषित कर दिया। पीएम रिपोर्ट में आया है कि खोरबहरा की किसी ने मुंह दबाकर हत्या की है। मुंह दबाने की वजह से खोरबहरा की सांस नली जम गई, जिसकी वजह से उसे खून की उल्टी हुई और उसकी मौत हो गई।

### गजानंद एप से सट्टा खिलाते सटोरिया गिरफ्तार

**रायपुर।** गजानंद एप से ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुए एक सटोरिए को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तिल्दा नेवरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि 2 मार्च को वार्ड



नंबर-6 स्थित एक मकान में एक व्यक्ति आईपीएल किक्रेट मैच में ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने मकान में रेड कार्रवाई की और मौके से हर्ष पंजवानी निवासी तिल्दा को सट्टा खिलाते गिरफ्तार किया। आरोपी के कमरे से अलग-अलग कंपनियों के 4 स्मार्ट मोबाइल एवं नकदी रकम मिली है। इसके अलावा विभिन्न कम्पनी के चेकबुक, पासबुक एवं एटीएम कार्ड तथा सट्टे के पैसों के हिसाब-किताब की कॉपी जब्त की गई है। आरोपी गजानंद एप से ऑनलाइन सट्टा खिला रहा था। उसके विरुद्ध धारा 4(क) जुआ एक्ट एवं छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक 19 वर्षीय युवक की मौते पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार टिकेश्वर कोसले की ट्रक सीजी 04 पीएच 5988 की चपेट में आने से मौत हुई है। टिकेश्वर अपने एक अन्य साथी के साथ पैदल सैर करने निकला था। इसी दौरान ट्रक के चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए टिकेश्वर को कुचल दिया।

## देशभर में चल रहा रेलवे का विकास कार्य, इसलिए विभिन्न रूटों की ट्रेन हो रही रद्द

# हर महीने 50 से अधिक ट्रेनें हो रहीं कैंसिल, अब 14 दिन नहीं चलेगी गीतांजली एक्सप्रेस, 8 अन्य गाड़ियां भी रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देशभर में रेलवे का विकास कार्य तेजी से चल रहा है, जिसकी वजह से अब हर महीने 50 से अधिक ट्रेन विभिन्न रूट में रद्द हो रही हैं। बीते मार्च में 60 से अधिक ट्रेनों के रद्द होने से 20 हजार से अधिक यात्रियों को दिक्कत हुई थी, तो वहीं अप्रैल में भी तीसरी व चौथी रेलवे लाइन से ट्रेनों के रद्द होने का सिलसिला शुरू हो गया है। ईस्ट कोस्ट रेलवे के खुर्दा रोड रेल मंडल के अंतर्गत मेरामण्डली-हिन्दोल रोड सेक्शन में मेरामण्डली स्टेशन से जोड़ने का कार्य ब्लॉक लेकर किया जाएगा। यह कार्य 15 से 24 अप्रैल तक किया जाएगा, जिसके कारण 8 एक्सप्रेस ट्रेन रद्द रहेगी। इसमें गांधीधाम, एलटीटी, पुरी एक्सप्रेस जैसी लंबी दूरी की ट्रेन शामिल है। एक अप्रैल से उप्र और ओडिशा की ओर जाने वाली आधा दर्जन ट्रेनें रद्द होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। दरअसल, सबंलपुर रेल मंडल के ▶▶|शेष पेज 15 पर

### गीतांजली एक्सप्रेस के रद्द होने की तिथि में संशोधन

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत रायगढ़-झारसुगुड़ा सेक्शन में 11 से 23 अप्रैल के बीच कोतरलिया रेलवे स्टेशन को चौथी लाइन को कनेक्टिविटी का कार्य व इस सेक्शन में चौथी लाइन में विद्युतीकृत का कार्य किया जाएगा। इसके चलते पहले रेलवे ने 11 से 24 अप्रैल, 2025 तक मुंबई से चलने वाली 12859 मुंबई-हावड़ा गीतांजली एक्सप्रेस रद्द रहेगी की घोषणा की गयी थी, रेल प्रशासन ने इस गाड़ी 12859 मुंबई-हावड़ा गीतांजली एक्सप्रेस की रद्द होने की तिथि में संशोधन किया गया है, अब यह गाड़ी दिनांक 13 से 26 अप्रैल, 2025 तक रद्द रहेगी।



**इधर नहीं मिल रही कन्फर्म सीट :** इधर गर्मी के मौसम में लंबी दूरी की अधिकतर एक्सप्रेस ट्रेनें अभी से फुल हो गई हैं। खासकर यूपी - बिहार की ओर जाने वाली ट्रेनों में कन्फर्म सीट पाने के लिए अगले तीन महीने तक मारामारी मची हुई है। अप्रैल, मई और जून में सबसे अधिक शादी-विवाह होने के साथ ही स्कूल, कॉलेज की छुट्टियां होने से परिवार सहित यात्रा करने वालों की संख्या बढ़ जाती है। इसके चलते दो महीने पहले से कन्फर्म रिजर्वेशन टिकट कराने के लिए रायपुर रेलवे स्टेशन के आरक्षण केंद्र में भीड़ बढ़ गई है।

**रद्द होने वाली गाड़ियां**

- 19 अप्रैल को जोधपुर से रवाना होने वाली गाडी 20814 जोधपुर-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 16 अप्रैल को पूरी से रवाना होने वाली गाडी 20813 पूरी-जोधपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 13 अप्रैल को एलटीटी से रवाना होने वाली गाडी 12145 एलटीटी-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 15 अप्रैल को पूरी से रवाना होने वाली गाडी 12146 पूरी-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 18 अप्रैल को गाधीधाम से रवाना होने वाली गाडी 12993 गाधीधाम-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 21अप्रैल को पूरी से रवाना होने वाली गाडी 12994 पूरी-गाधीधाम एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 15 एवं 22 अप्रैल को इंदौर से रवाना होने वाली गाडी 20917 इंदौर-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 17 एवं 24 अप्रैल को पूरी से रवाना होने वाली गाडी 20918 पूरी-इंदौर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

## तीन मिमी बारिश ने 3 डिग्री गिराया तापमान, 48 घंटे बाद लौटेगी गर्मी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मार्च अंत में 40 डिग्री पार कर चुका तापमान अब फिर 34 डिग्री पर लौट आया है। दो दिनों से जारी बदली-बारिश के सिलसिले के चलते तापमान में यह कमी आई है। रायपुर में गुरुवार को सुबह से रात तक रुक-रुककर 3 मिली बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है। रायपुर में शुक्रवार से बारिश थम जाएगी, हालांकि हल्के बादल छाए रहेंगे। दो दिनों तक तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट दर्ज होगी। इसके बाद रविवार से लेकर आने वाले तीन दिनों तक 2 से ▶▶|शेष पेज 15 पर

- बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के चलते वर्षा, प्रदेशभर के तापमान में गिरावट

### सबसे ठंडा अंबिकापुर

पूरे प्रदेश का तापमान 40 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री कम 34 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री अधिक 25.5 डिग्री रहा। प्रदेश में सर्वाधिक गर्म जगदलपुर है। यहां तापमान 36.6 डिग्री रहा। सबसे कम तापमान अंबिकापुर में 20 डिग्री दर्ज किया गया। बिलासपुर का तापमान 33.2 डिग्री रहा। रायपुर के साथ बिलासपुर पेंड्रा रोड और जगदलपुर में भी 3-3 मिली बारिश हुई है।

## रीएजेंट घोटाले के आरोपी 17 तक न्यायिक रिमांड पर भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मोक्षित कार्पोरेशन के 660 करोड़ रुपए के रीएजेंट घोटाला मामले में गिरफ्तार किए गए सीजीएमएससी के तत्कालीन महाप्रबंधक सहित गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों को गुरुवार को पुलिस रिमांड अवधि खत्म होने पर कोर्ट में पेश किया गया। ईओडब्लू की विशेष कोर्ट ने पांचों आरोपियों को 17 अप्रैल तक जेल भेजने का फैसला सुनाया है।

कोर्ट के आदेश पर सीजीएमएससी के तत्कालीन महाप्रबंधक बसंत कौशिक, तत्कालीन डिप्टी डायरेक्टर डॉ. अनिल परसाईस शिरौंद्र रावटिया, कमलकांत पाटनवार तथा दीपक बांधे को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। इन पर मोक्षित कार्पोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा के साथ मिलकर मेडिकल किट तथा मेडिकल उपकरण के नाम पर करोड़ों का भ्रष्टाचार करने का आरोप है। जांच एजेंसी की पूछताछ में क्या बातें सामने आई हैं, इसे लेकर ईओडब्लू के अफसरों ने किसी भी तरह से कोई अधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है। ईओडब्लू के ▶▶|शेष पेज 15 पर

- शशांक चोपड़ा ने विशेष अदालत में जमानत के लिए आवेदन पेश किया
- जेल भेजे गए आरोपी 22 मार्च से ईओडब्लू की रिमांड पर थे

### शशांक चोपड़ा ने लगाया जमानत आवेदन

रीएजेंट घोटाला मामले में मोक्षित कार्पोरेशन के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा ने गुरुवार को विशेष अदालत में जमानत आवेदन पेश किया है। जमानत आवेदन पर आठ अप्रैल को बचाव तथा अभियोजन पक्ष के वकीलों के तर्क सुनने के बाद कोर्ट फैसला लेगी।

## प्रदेश में सबसे ज्यादा रायपुर में रजिस्ट्री, दूसरे नंबर पर बिलासपुर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रॉपर्टी की सबसे ज्यादा खरीदी-बिक्री रायपुर में हुई है, जिससे रायपुर में अन्य जिलों की तुलना में सर्वाधिक 46 हजार से अधिक रजिस्ट्री हुई है। बिलासपुर शहर रजिस्ट्री कराने में दूसरे नंबर पर रहा, जहां 41 हजार से अधिक रजिसट्रियां हुई हैं। इसी प्रकार तीसरे नंबर पर दुर्ग रहा, जहां 34 हजार से ज्यादा रजिस्ट्री हुई है। पंजीयन विभाग से जिस तरह से आकड़े सामने आए हैं, उससे यही लगने लगा है कि रायपुर शहर प्रदेश के दूसरे शहरों की तुलना में लोगों को ज्यादा पसंद है। हालांकि रायपुर में रजिस्ट्रियों के बढ़ने का बड़ा कारण यह भी है ▶▶|शेष पेज 15 पर



### डेवलपमेंट एवं बिजनेस बढ़ने से बढ़ी प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री

राजधानी होने के कारण रायपुर शहर का दायरा लगातार बढ़ रहा है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के तहत रायपुर शहर में कई नए गांवों को शामिल किया गया है, जिसके कारण रायपुर में डेवलपमेंट भी लगातार हो रहे हैं। डेवलपमेंट के साथ शहर में व्यापार का दायरा भी लगातार बढ़ रहा है, जिससे प्रदेश के दूसरे शहरों के अलावा ओड़िशा, झारंखड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र जैसे पड़ोसी राज्यों के कई शहरों के व्यापारी भी अब रायपुर में बिजनेस में रुचि दिखाने लगे हैं। डेवलपमेंट एवं व्यापार का दायरा बढ़ने से शहर में प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री भी बढ़ी है। यही कारण है कि पिछले एक वर्ष में रायपुर में दूसरे शहरों की अपेक्षा ज्यादा रजिस्ट्री हुई हैं।




## केंद्र सरकार की योजना, सभी निकायों में होगी लागू

# अब कचरा बीनने वालों की बनेगी डिजिटल प्रोफाइल, तैयार हुआ नमस्ते वेस्ट पिकर एप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब कचरा बीनने वालों के दिन भी संवरने सुधरने वाले हैं। दरअसल अब कचरा बीनने वालों की डिजिटल प्रोफाइल बनाने की तैयारी है। इस काम के लिए नमस्ते वेस्ट पिकर एप्लिकेशन बनाया गया है। यह इसलिए कि कचरा बीनने वालों को नमस्ते योजना के तहत लक्ष्य समूह में शामिल किया गया है। इसका मकसद कचरा संग्रहण, पुनर्प्राप्ति और पुनर्चक्रण ▶▶|शेष पेज 15 पर

### कई सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ

#### संगठनों को भी किया जाएगा शामिल

नेशनल सफाई कर्मचारी फायनेंस एंड डेवलपमेंट कार्पोरेशन के नोडल अधिकारी ने यह भी सूचित किया है कि कचरा बीनने वालों और अन्य वंचित समुदायों के साथ काम करने का अनुभव रखने वाले संसाधन संगठनों को नमस्ते ▶▶|शेष पेज 15 पर




### सूडा ने जारी किया आदेश

इस संबंध में राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने राज्य के सभी नगर निगमों के आयुक्त, पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के लिए आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि कचरा बीनने वालों( वेस्ट पिकर्स) की प्रोफाईल तैयार करने के लिए कार्ययोजना तैयार की जानी है। इस काम के लिए नगरीय निकायों के डमी एंट्री के लिए पहले ही प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसके साथ ही डमी एंट्री का काम पूरा हो गया है। यह योजना दरअसल केंद्र सरकार की नमस्ते योजना है। इस संबंध में नेशनल सफाई कर्मचारी फायनेंस एंड डेवलपमेंट कार्पोरेशन के नोडल अधिकारी ने छत्तीसगढ़ में नमस्ते योजना के नोडल अधिकारी को पत्र भी जारी किया है। जिसमें कहा कार्ययोजना के संबंध में जानकारी दी गई है।

## खबर संक्षेप



### सीआरपीएफ का तामासिवनी में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**आरंग।** बुधवार को ग्राम पंचायत तामासिवनी के तत्वाधान में सीआरपीएफ कैंप भिलाई के चिकित्सा शाखा द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों सहित ग्रामीण उपस्थित होकर स्वास्थ्य जांच व उपचार कराए।
सीआरपीएफ के डाक्टरों ने बताया शिविर में 258 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही कुछ मरीजों को उपचार व उचित परामर्श दिया भी दिया गया।इस मौके पर डीआईजी मेडिकल डा. दुर्गा भवानी राजनाला, सीओ डा. राजेश गर्ग, टूआईसी डाक्टर सालनी, एसी डा. इंदु वशिष्ठ, एसी डा. मोहित ने स्वास्थ परीक्षण किया। शिविर के आयोजन संयोजन में विशेष सहयोग जनपद सदस्य अभनपुर क्षेत्र क्र. 22 से विवेक तिवारी, सरपंच ग्राम पंचायत तामासिवनी से श्याम साहू, उपसरपंच दिलेंद्र डहरिया सहित समस्त पंचों व पीपला फाउंडेशन के संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल का रहा।

### मंडलों में नियुक्ति, सतनामी समाज की उपेक्षा हुई : भारती

**मंदिरहसौद।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बुधवार की देर रात्रि सूची जारी कर निगम मंडल बोर्ड आयोग की नियुक्ति में सतनामी समाज की उपेक्षा का आरोप बलौदाबाजार हिंसा मामले में बंद रहे युवा कांग्रेस नेता उपेंद्र भारती ने सरकार के विरुद्ध नाराजगी व्यक्त करते हुए सतनामी समाज के साथ भेदभाव व पक्षपात आरोप लगाते हुए आगे कहा कि उपरोक्त नियुक्तियों में सतनामी समाज को उचित प्रतिनिधित्व नही देना एक गम्भीर विषय है साथ ही सरकार व प्रशासन को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विभिन्न पदों के लिए की गई नियुक्तियों में सभी समुदायो को उचित प्रतिनिधितत्व मिले जिससे समाज मे समरसता बनी रहे।

# विद्या भारती की योजना मातृभाषा, गणित और अंग्रेजी विषय पर ध्यान दें : दुबे

**सशिमं में आचार्य दीदियों की बैठक में दी समझाइश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नेवरा तिल्दा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में जिला प्रतिनिधि प्रफुल्ल दुबे का आगमन हुआ। उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण कर सभी आचार्य दीदीयो की बैठक ली। बैठक का शुभारंभ श्री दुबे, गौरी शंकर निर्मलकर प्राचार्य नवापारा राजिम, गोपाल चंद्र अग्रवाल विद्यालय समिति अध्यक्ष, दिलीप शर्मा फाउंडर मेंबर , स्वप्निल श्रीवास्तव सचिव ,दिलीप वर्मा कोषाध्यक्ष, कृष्ण कुमार सोनी समिति सदस्य, प्राचार्य श्री वासुदेव साहू द्वारा मां भारती, मां सरस्वती एवं ओमकार के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। श्री गोपाल चंद्र अग्रवाल ने कहा की समिति के सभी सदस्य इस विद्यालय के विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहते है । आने वाले साल मे भैया बहनो को स्मार्ट क्लास की सुविधा दी जाएगी । जिला प्रतिनिधि श्री प्रफुल्ल दुबे ने कहा कि सभी का ध्यान विद्या भारती के द्वारा चलाई जाने वाली तीन महत्वपूर्ण बातो जैसे मातृभाषा, गणित एवं अंग्रेजी विषय पर होना चाहिए। सभी भैया बहनों को मातृभाषा की पूर्ण रूप से जानकारी होना अति आवश्यक है साथ ही गणित एवं अंग्रेजी का भी ज्ञान बहुत ही महत्वपूर्ण है ।

इसके पश्चात श्री स्वप्निल श्रीवास्तव एवं श्री दिलीप वर्मा को रेलवे सलाहकार समिति में चयनित होने पर विद्यालय समिति एवं विद्यालय परिवार द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।



### हमेशा तत्पर रहेंगे

श्री स्वप्निल श्रीवास्तव ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिस प्रकार हम विद्यालय के विकास हेतु हमेशा कार्यरत रहते हैं उसी प्रकार तिल्दा नेवरा रेलवे स्टेशन के विकास एवं यात्रियों की सुविधाओ के लिए भी हमेशा कार्यरत रहेंगे। दिलीप वर्मा ने धन्यवाद और दिलीप शर्मा ने आभार ज्ञापित किया।

## समारोह : गुरुघासीदास बाबा की गद्दी की पूजा-अर्चना की गई

# सांकरा में जोड़ा जैतखाम का लोकार्पण विशाल शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी



ग्राम सांकरा में 2 अप्रैल को नवनिर्मित जोड़ा जैतखाम का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें जन सैलाब उमड़ पड़ा। शोभायात्रा के दौरान गुरूघासीदास बाबा की गद्दी की पूजा-अर्चना की गई। इस समारोह के मुख्य अतिथि युवराज गुरू धर्मगुरू गुरू खुशवंत साहेब रहे जिन्होंने बग्गी पर सवार होकर गांव का भ्रमण किया। उनके साथ विधायक आरंग सुन्दर लाल लहरे, डॉ. मंजीत सिंह कौशल MBBS, प्रदेश अध्यक्ष मार्डन सेवा समिति, शकुंतला दिलेन्द्र सेन अध्यक्ष जनपद पंचायत धरसीवा, दिनेश क खुटे जनपद उपाध्यक्ष जीतू चेलक निशा अजीत सायंतोड़ जनपद सदस्य, मनोज सायतोडे परमानंद बंजारे, मनोज बंजारे भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष, सुदर्शन मिरी भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष, सूर्यकांत चेलक प्रदेश उपाध्यसतनामी समाजऔर गुलाब टंडन उपस्थित थे। गुरूजी का आगमन सतनाम भवन से हुआ, जहां पूजा-अर्चना के बाद भव्य शोभायात्रा के साथ वे दर्शन अखाड़ा तक पहुंचे। अंत में बाजार चौक पर स्वेत जोड़ाजैतखाम का लोकार्पण एवं ध्वजारोहण गुरूजी के हाथों से किया गया। गुरूजी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, यह सतनामी समाज और संपूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने परम्‍ पूज्य गुरूघासीदास बाबा जी की कर्मभूमि एवं जन्मभूमि से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है।

### गिरौदपुरी धाम में भव्य मेले के लिए 50 लाख का अनुदान

उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी द्वारा भंडारपुरी धाम में निर्माणाधीन मोती महल के लिए करोड़ों रुपये के बजट का प्रावधान करने और गिरौदपुरी धाम में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले भव्य मेले के लिए अनुदान राशि को 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख करने की जानकारी दी। इसके साथ ही, श्रद्धालुओं को धूप से राहत देने के लिए मुख्य प्रवेश द्वार से गुरु द्वारा तक सेड निर्माण की भी घोषणा की गई। गुरूजी ने राजागुरु गुरु बालकदास साहेब जी के शहादत स्थल औराबांधा को तीर्थस्थल का दर्जा प्रदान करने एवं वहां करोड़ों रुपये के विकास कार्य किए जाने की स्वीकृति देने की बात भी साझा की। उन्होंने बताया कि अब तक यहां धारा 144 लागू थी और दर्शन पर रोक थी, लेकिन अब वहां व्यापक सुविधाओं का विकास होगा, जिससे समाजजन दर्शन और आशीर्वाद ले सकेंगे। इस भव्य समारोह ने ग्राम-सांकरा में एक नई ऊर्जा का संचार किया है और सभी उपस्थित रघुनाथ साहू सरपंच सांकरा, योगेश्वर साहू उपसरपच , गंगा दास, ब्लॉक अध्यक्ष सतनामी समाज परमानंद बंजारे बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# कौशल्या माता मंदिर चंदखुरी में नवरात्रि पर आज जगराता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी



नगर पंचायत चंदखुरी में प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी चैत्र नवरात्र में माता कौशल्या महोत्सव आयोजित हैं। सेवा संस्थान के सचिव पोषण मारकंडेय ने बताया इस वर्ष मनोकामना ज्योति कलश 62 घी ज्योति कलश 866 तेल ज्योति कलशों की स्थापना की गई है।

मंदिर प्रांगण में पुरे नौ दिन भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हैं। प्रमुख आयोजन सप्तमी 4 अप्रैल को सुबह कलशयात्रा व नगर भ्रमण होगी वही शाम 6 बजे से मानस गान स्वरांजली मानस परिवार खुरसुल पाटन के साथ ओम आदित्य मानस परिवार रिसाली भिलाई अपनी प्रस्तुति देगी। अष्टमी 5 अप्रैल को विधिवत पूजा अर्चना हवन कार्यक्रम के बाद दोपहर 3 बजे से महाभंडारा रखा गया है। रात्रिकालीन कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक दिलीप षड़ंगी अपनी सांस्कृतिक आयोजन की प्रस्तुति देगी।

### गांवों में विकास कार्यों के लिए 112 लाख स्वीकृत



**अभनपुर।** मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत विधायक इन्द्रकुमार की अनुसंशा पर अभनपुर विधानसभा क्षेत्र मे विभिन्न गांव के विकास कार्यो के निर्माण के लिए 112.58 लाख रूपये शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है सीसी रोड निर्माण ग्राम पंचायत पलौद मे 7.80 लाख,जुलुम मे 7.80 लाख,खट्टी 7.80 लाख,केन्द्री 7.80 लाख,गातापार 7.80,सलौनी 5.20 लाख,ठेलकाबांधा 5.20 लाख,कोलर 2.60 लाख रूपये की स्वीकृति मिली है तथा ग्राम पंचायत गोतियारडीह मे व्यवसायिक परिसर के लिए 15 लाख रूपये,मोखला मे मुक्तिधाम एवं प्रतिक्षालय शेड 4.79 लाख,केन्द्री मे मुक्तिधाम प्रतिक्षालय शेड 4.79 लाख एवं अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र/सीएचसी भवन बनचरौदा 5 लाख,टीला 5 लाख,बिरोदा 5 लाख,सिंगारभाटा 5 लाख,छांटा 5 लाख,तर्रा 5 लाख आदि ग्रामो के लिए स्वीकृति मिली है।

# हिंदू नववर्ष पर माता दुर्गा की चैतन्य झांकी के साथ निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

- शोभायात्रा में अघोरी नृत्य रहा सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र



चैत्र नवरात्र के साथ ही से हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2082 भी शुरू हो गया है। शहर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सर्व हिन्दू समाज के द्वारा 01 अप्रेल 2025 को हिन्दु नव वर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष विक्रम संवत 2082 हिन्दू नववर्ष भव्य एवं ऐतिहासिक शोभा यात्रा के साथ भक्तिमय वातावरण मनाया गया। हिन्दू नववर्ष शोभायात्रा में हजारों की संख्या में महिला, पुरूष एवं युवाओ सहित धर्म प्रेमी, नगरवासी भक्तगण झूमते हुए नजर आए, वही जगह-जगह समाज जनों एवं विभिन्न संस्था संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा शहर के हाई स्कूल मैदान में स्थित हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुरू हुई। जहां से शहर के मुख्य मार्ग में नेता जी चौक, बस स्टैंड, बाबा हरदेव लाल मंदिर, होते हुए इंदिरा चौक में सम्पन्न हुआ। क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब भी शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत करते नजर आये। इसके अलावा सोनकर समाज, हरदेव लोधी समाज, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, शिवसेना, ब्राम्हण समाज, गुप्ता समाज, सहित कई संगठनों और नागरिकों ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया।

शोभा यात्रा की शुरुवात छत्तीसगढ़ की लोक कला राउत नाचा से की गई थी उसके बाद महाराष्ट्र के प्रसिद्ध हिंदुत्व संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले ढोल पथक विशाल केशरिया ध्वज लहराते हुए हिंदुत्व की शान बढ़ा रहे थे। अघोरी नृत्य तथा अघोरियो के संग माँ दूर्गा के चैतन्य रूपी माताओ की जीवंत आकर्षक झांकी लोगो के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा।भगवान श्री राम भव्य प्रतिमा के साथ राम दरबार की जीवांत झांकी श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र बना रहा। DJ समृद्धि और धुमाल के साथ नगर के युवक युवतियो के साथ बच्चे बूढ़े भी श्री राम की भक्ति में झूमते नजर आये। इस विशाल ऐतिहासिक तथा अविस्मरणीय शोभा यात्रा के साक्षी बनने आरंग नगर के अलावा आसपास के गाँव के लोग भी बड़ी संख्या में आरंग पहुचे थे। पुलिस प्रशासन की व्यवस्था और आयोजक समिति के युवकों के आपसी तालमेल के चलते शोभा यात्रा शांति पूर्वक सुव्यवस्थित सम्पन्न हुआ जिसकी सर्वत्र सराहना की जा रही है। आपको बता दे की आरंग नगर में नव वर्ष शोभा यात्रा पिछले 08 सालों से लगातार निकाली जा रही है। यह अब नगर के गौरव के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। प्रतिवर्ष लोग दुगुने उत्साह से इस शोभा यात्रा में शामिल होते है।

### महामाई मंदिर में जल रहे आस्था के ज्योत...



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सांकरा (देवरानी जेठानी) नाला महामाई मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर इस वर्ष 648 ज्योति प्रज्ज्वलित है। जिसमें घृत के 111 व तेल के 537 ज्योति शामिल है।

### शीतला मंदिर गुजरा में नवरात्रि की धूम...



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम गुजरा में चैत्र नवरात्रि पर्व पर शीतला मन्दिर में 161 ज्योति प्रज्ज्वलित है।क्षेत्र में नवरात्रि पर्व उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।ग्राम तरपोंगी महामाया मन्दिर में 36 व शीतला मंदिर में 40 सड्डू महामाया पारा मंदिर 24 व शीतला मंदिर में 68, खैरखूँट शीतला मंदिर में 36 सगुनी शीतला मन्दिर में 80, सुंगेरा महामाया मंदिर 29 शीतला मन्दिर में 40 ज्योति प्रज्ज्वलित है।

# भंडारपुरी धाम का विकास कार्य बजट में शामिल, सतनामी समाज ने माना अभार



**आरंग।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सतनामी समाज की आस्था और श्रद्धा के केंद्र परम्‍ पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान करना समाज के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भंडारपुरी धाम में निर्माणाधीन मोती महल को पूर्ण करने हेतु 17 करोड़ से अधिक रुपये के बजट का प्रावधान किया है। साथ ही, गिरौदपुरी धाम में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले भव्य मेले के अनुदान को 25 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु मुख्य प्रवेश द्वार से गुरु द्वारा तक सेड निर्माण की भी घोषणा की गई है, जिससे भुइयां नापने वाले श्रद्धालुओं को धूप से राहत मिल सके। वही मुंगेली जिला में गुरु बालकदास साहेब जी के शहादत स्थल औराबांधा को तीर्थस्थल का दर्जा प्रदान करने एवं वहां करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति दी गई है। वर्तमान में यहां धारा 144 लागू है और दर्शन पर रोक है, लेकिन अब इस स्थल पर व्यापक सुविधाओं का विकास और विस्तार किया जाएगा। इन ऐतिहासिक निर्णयों के लिए आरंग विधायक एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ शासन, गुरु खुशवंत साहेब ने उनके पिता राजागुरु, धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब के सानिध्य में सतनामी समाज के प्रतिनिधि मंडल के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुख्यमंत्री निवास में भेंट कर आभार व्यक्त किया और उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। गुरु खुशवंत साहेब के निरंतर प्रयासों से सतनामी समाज के तीर्थ स्थलों के विकास को गति मिल रही है। उनके नेतृत्व में समाज की आस्था को संबल प्रदान करने हेतु यह ऐतिहासिक कदम उठाया गया है।

### ग्राम करहीडी में राशन दुकान खोलने की मांग



**आरंग।** जनपद पंचायत क्षेत्र क्र. 11 के जनपद सदस्य अमर राजेंद्र मांडले ने क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं को लेकर उपाध्यक्ष अनु. जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन विधायक गुरु खुशवंत साहेब से की मुलाकात कर ज्ञापन सौपा। ज्ञात हो की ग्राम पंचायत मालीडीह के आश्रित ग्राम करहीडीह के ग्रामीणों को लम्बे समय से राशन लेने दिक्कतो का सामना करते हुए 6 किलो मीटर दूर गाँव जाना पड़ता है। एक पंचायत होने के कारण लोगों को मालीडीह जाना पड़ता है और समय का आभाव एवं दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। इस समस्या पर विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने तत्काल विभागीय अधिकारीयों को दिशा निर्देश देते हुए आश्वस्त करते हुए करहीडीह में शासकीय उचित मूल्य की दुकान खोलने की माँग को पुरा करने कहा। इस दौरान क्षेत्र के ग्रामीण प्रमुख रूप से श्रवणकुमार वर्मा, रितिक वर्मा, ओम प्रकाश यादव, रविन्द्र वर्मा, हरि ओम देवांगन उपस्थित थे।

# ओपन बोर्ड परीक्षा केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**आरंग।** अरून्धती देवी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग में गुरूवार को अधिकारियों द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमे ओपन बोर्ड के निरीक्षण दल सहायक ममता सिंह अपनी टीम के साथ शामिल थे।

ज्ञातव्य हो अरून्धती देवी हिंदी माध्यम स्कूल आरंग ओपन बोर्ड का परीक्षा केंद्र बना है, जिसमे दसवी-बारहवी के सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे है। उक्त निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र क्रमांक 0403, अरुन्धति देवी उत्कृष्ट स्कूल के केंद्राध्यक्ष श्याम सुंदर देवांगन एवं प्राचार्य हरीश कुमार शर्मा उपस्थित थे। सहायक केंद्र अध्यक्ष लोकेश्वर साहू, प्रदीप मॉर्टिन, कमलेश साहू, ऑब्जर्वर सूर्यकांत बेलगहे आदि उपस्थित थे। गुरूवार को कक्षा 10वीं का अंग्रेजी का पेपर था कुल परीक्षार्थी 92 जिसमें 10 अनुपस्थित थे। आकस्मिक निरीक्षण में सहायक संचालक टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने अपनी टीम के साथ परीक्षा केंद्र का गहन निरीक्षण किया तथा केन्द्र की व्यवस्था से काफ़ी सतुंष्ट दिखे।

## सड्डू में भक्त माता कर्मा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

# बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देना जरूरी : संतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी



समीपस्थ ग्राम सड्डू में भक्त माता कर्मा की जयंती हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। अतिथियों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सभापति व किसान नेता राजू शर्मा ने अपने उद्बोधन में भक्त कर्मा माता की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर नाराजगी व्यक्ति करते हुए 67 नई शराब दुकान खोलने का विरोध किया। हम सबको मिलकर आने वाली युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाना होगा। साथ ही पूर्व सरकार की राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि तत्काल दिया जाए। केंद्र द्वारा घोषित किसानों को धान की 117 रुपए समर्थन मूल्य को भी तत्काल देने की मांग सभा में कहीं। क्षेत्र में भीषण जल संकट को देखते हुए सभी ग्रामों के तालाबों को भरा जाए जिससे कि पेयजल और निस्तारी की समस्या दूर हो सके। भक्त कर्मा माता के नाम से डाक टिकट जारी करने के लिए राज्य सरकार को बधाई दी। लखना परिक्षेत्र के अध्यक्ष संतोष साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देना बहुत जरूरी है, सभी पालक गण अपने बच्चों का विशेष ध्यान रखें ताकि वह नशा कि ओर न जा सके हम सब को मिलकर नशा मुक्त समाज का निर्माण करना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता बेनीराम साहू ग्राम इकाई अध्यक्ष ने किया। सभा को रायपुर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र साहू व जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, सरपंच नंदकुमार साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बलदाऊ साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिल्दा ग्रामीण, मुकेश साहू उपाध्यक्ष साहू समाज लखना परिक्षेत्र, जामवती साहू महिला उपाध्यक्ष साहू समाज लखना परिक्षेत्र, उर्वशी साहू महिला उपाध्यक्ष ग्राम इकाई, तखत साहू सचिव लखना परिक्षेत्र, रूपकुमार साहू युवा अध्यक्ष लखना परिक्षेत्र, रंजीत साहू सह सचिव, जगन्नाथ साहू उपाध्यक्ष, धनेंद्र साहू सचिव, रमेश साहू कोषाध्यक्ष, खेम लाल वर्मा, प्रहलाद साहू, मोहनलाल साहू, रेवाराम साहू, फिरंता साहू, फिरंगी साहू, भागीरथी साहू, पंचराम साहू, बिरसिंग साहू, मूलचंद साहू, जोहन साहू, गौकरण साहू, कृपाराम साहू, माधो साहू, नारायण साहू समाज सेवक,फेरूराम साहू, अश्वनी साहू,उतम साहू, मनोज साहू, मन्नू साहू, राजू साहू, ममता साहू, मोतिम साहू , दुर्गा साहू, गीतांजलि साहू, किरण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व सामाजिक गण उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर**
**जिला- रायपुर छ.ग.**
**-: ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र. 202503110500009 ब/121
वर्ष 2024-25

ग्राम बेलभाठा प.ह.नं. 27 तहसील अभनपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती हेमलता साहू पति श्री शैलेन्द्र कुमार, साहू, निवासी वार्ड नं. 03. दंतेश्वरी चौक सिंधौरी पोस्ट मंदरौद तहसील कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.) द्वारा ग्राम बेलभाठा प.ह.नं. 27 रा.नि.म. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 523/2 का भाग रकबा 559.92 वर्गफुट अटल आवास भवन क्रमांक 152 को अनावेदक कृपा राम महेश्वरी पिता श्री मेहत्तर महेश्वरी निवासी- सतनामी पारा ग्राम सिंगारभाठा तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 26/12/2017 के माध्यम से क्रय किया है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो नियत पेशी दिनांक 09/04/2025 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में पेश कर सकते है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
अभनपुर, जिला रायपुर

# अब लोक सुराज अभियान, तीन चरणों में होगा जनता की समस्याओं का समाधान

## 8 अप्रैल से 11 तक लिए जाएंगे आवेदन, समाधान शिविर भी, अभियान की समीक्षा भी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली राज्य की भाजपा सरकार अब प्रदेश में लोक सुराज अभियान शुरू करने जा रही है। लोक सुराज अभियान 2025 तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आवेदन लिए जाएंगे।

दूसरे चरण में लगभग एक माह आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरा चरण समाधान शिविरों का होगा, जिसकी अवधि 5 मई से 31 मई 2025 निर्धारित की गई है। इस अभियान के संबंध में श्री साय ने राज्य के सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर अभियान संचालित करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

### आवेदन प्राप्ति से समाधान तक

अभियान के तहत सबसे पहला काम आवेदन प्राप्ति का होगा। आम जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में आवेदन, 07 अप्रैल से 10 अप्रैल 2025 अर्थात 04 दिनों तक, पंचायत मुख्यालयों व स्थानीय निकायों के कार्यालयों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक, प्राप्त किए जाएंगे। आवेदन प्राप्ति स्थलों पर रखी जाने वाली पेटी को 'समाधान पेटी' का नाम दिया जाएगा। जिला तथा विकासखण्ड मुख्यालयों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों में भी आवेदन प्राप्त करने के लिए 'समाधान पेटी' की व्यवस्था की जाएगी, ताकि जनता बेहिचक और बेझिझक अपने मन की बात लिखकर दे सकें। आवश्यकतानुसार हाट बाजारों में भी आवेदन लेने की व्यवस्था की जा सकती है। सॉफ्टवेयर में इन आवेदनों का पंजीयन कर उन्हें अपलोड किया जाएगा। आवेदन ऑनलाइन भी प्राप्त किए जाएंगे। प्रत्येक आवेदन की पावती दी जाएगी। आवेदन पत्र का प्रारूप राज्य स्तर से निर्धारित किया जाएगा।

खास खबर



### समाधान शिविर भी लगेंगे

अभियान के तहत समाधान शिविर का आयोजन 05 मई से 31 मई के मध्य प्रत्येक 10 से 15 पंचायतों के मध्य एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आवेदनों के निराकरण की जानकारी आवेदकों को दी जाएगी। इसी प्रकार नगरीय निकायों में भी आवश्यकतानुसार शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों के कार्यक्रम की जानकारी की प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में की जाए और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

### आवेदन लिखने में भी मिलेगी मदद

अभियान के तहत आवेदन लिखने में जनता की मदद करने के लिए आवश्यकतानुसार कलेक्टरों द्वारा अधिकारी/कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाएगी। आवेदन लेने वाले कर्मचारी चार दिन पंचायत भवन, नगरीय निकाय के कार्यालय में बैठकर आवेदन प्राप्त करेंगे। साफ्टवेयर में इस ड्यूटी कार्यक्रम की प्रविष्टि की जाएगी। इन तारीखों का प्रचार-प्रसार किया जाए, वॉल राइटिंग भी की जाएगी।

### ऐसे होगा आवेदनों का निपटारा

आवेदनों का निराकरण प्राप्त आवेदनों को स्केन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाए तथा इन आवेदनों को निराकरण हेतु संबंधित जिला,जनपद, नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजा जाएगा। संबंधित विभाग या अधिकारी इन आवेदनों में दर्ज शिकायतों -समस्याओं का निराकरण एक माह की अवधि में करेंगे। मांग से संबंधित आवेदनों का निराकरण बजट की उपलब्धता अनुसार किया जाए। इन आवेदनों तथा आवेदन के निराकरण की गुणवत्ता का विश्लेषण राज्य व जिला स्तर पर किया जाएगा।

### सीएम, मंत्री, अफसर होंगे शामिल

इन शिविरों में सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के लिए आवेदन पत्र-प्रपत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे। हर शिविर के लिए एक खंडस्तरीय अधिकारी को प्रभारी अधिकारी बनाया जाए, ताकि वह उचित समन्वय से शिविरों की सार्थकता सुनिश्चित करें। शिविरों में विकासखण्ड स्तर, सब-डिवीजन स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जिला स्तर से भी कुछ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार की व्यवस्था नगरीय निकायों के शिविरों में भी की जाए। मैं स्वयं मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव एवं राज्य शासन के अधिकारी भी कुछ शिविरों में भाग लेंगे तथा कुछ आवेदकों से भेंट कर उनकी समस्याओं व निराकरण के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।

### समीक्षा बैठक और प्रेस कांफ्रेंस भी

समाधान शिविर के बाद दोपहर में जिला मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी, जिसमें समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण तथा विभिन्न योजनाओं तथा परियोजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। राज्य स्तर से बिन्दुवार समीक्षा-पत्रक उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रेस कॉन्फरेंस तथा अन्य कार्यक्रम समीक्षा बैठक के बाद या अन्य उपयुक्त समय पर मुख्यमंत्री प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करेंगे एवं विभिन्न संगठनों तथा लोगों से भेंट करेंगे।

---

## खबर संक्षेप



### भाजपा के स्थापना दिवस पर होंगे कई कार्यक्रम

रायपुर। भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने बताया, भारतीय जनता पार्टी ने अपने स्थापना दिवस और भारतरत्न डॉ. बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर जयंती पर 6 से 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन करने जा रही है। पार्टी स्थापना दिवस के मौके पर 6 और 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथों, कार्यालयों, अपने-अपने घरों और कार्यकर्ताओं के घरों पर भाजपा का झण्डा फहराया जाएगा। श्रीमती वर्मा ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया 8-9 अप्रैल को सभी मंडल, विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मलेन होगा। 10-11- अप्रैल को ग्राम, बस्ती, बूथों पर घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी और उन पर विस्तार से चर्चा भी की जाएगी। श्रीमती वर्मा ने बताया, डॉ. बाबा साहब की जयंती से एक दिन पूर्व 13 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 14 अप्रैल को सभी जिला और मंडल मुख्यालय पर माल्यार्पण कर उनके जीवन-वृत्त प्रकाश डाला जाएगा और संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा जाएगा।

### विश्वरंजन ने सुनी युवा इंफ्लूएंसर्स की समस्याएं



रायपुर। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार विश्वरंजन ने गुरुवार को जनपद पंचायत तिल्दा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनपद कार्यालय का जायजा लिया और उसके बाद पंचायत भवन एवं यूट्यूब स्टूडियो जाकर युवा इन्फ्लूएंसर्स से मुलाकात की। इस दौरान इन्फ्लूएंसर्स ने जिला पंचायत सीईओ को अपनी समस्याएं भी बताई। विश्वरंजन ने ग्राम पंचायत ताराशिव में कार्यरत महिलाओं से संवाद कर उनके कार्य के विषय में चर्चा की। उन्होंने पंचायत स्तर पर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

---

भाजपा के प्रदेश संगठन में होगा अब बड़ा बदलाव

# डेढ़ दर्जन से ज्यादा पदाधिकारियों को निगम, मंडल में पद, प्रदेश संगठन में अब आएंगे नए चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन के डेढ़ दर्जन से ज्यादा पदाधिकारियों को प्रदेश सरकार ने निगम, मंडल में पद दे दिए हैं। ऐसे में अब प्रदेश भाजपा संगठन में बड़ा बदलाव होगा। यह तो पहले से ही तय था कि प्रदेश संगठन के नेताओं को निगम, मंडल, आयोग में पदों से नवाजा जाएगा और प्रदेश सरकार ने ऐसा किया भी है। प्रदेश संगठन के एक महामंत्री, एक उपाध्यक्ष, तीन संभाग प्रभारी, दो मोर्चा के अध्यक्ष, चार प्रदेश प्रवक्ता और 9 कार्यसमिति के सदस्यों को निगम, मंडल में पद दिए गए हैं। अब जिनको निगम, मंडल और आयोग में पद नहीं मिल सके हैं, उनको प्रदेश संगठन में मौका दिया जाएगा।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद लंबे समय से निगम, मंडल और आयोग में नियुक्ति का इंतजार था। बीते साल से इसमें नियुक्ति करने का क्रम प्रारंभ किया गया, लेकिन बड़े निगम, मंडल में नियुक्ति नहीं हो रही थी। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के कारण इसको टाला गया और इन चुनावों के होने के बाद अंततः इसका ऐलान कर दिया गया। राष्ट्रीय संगठन ने विधानसभा, लोकसभा और नगरीय निकाय चुनाव में अच्छा काम करने वालों को पद देकर सम्मानित करने का काम किया है।



### इन पदाधिकारियों को मिला मौका

निगम, मंडल, आयोग में प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों को लिए जाने की पहले से ही संभावना था। प्रदेश सरकार ने जो 36 नामों की सूची जारी की है। उसमें प्रदेश संगठन के 20 पदाधिकारी शामिल हैं। इसमें भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और दुर्ग संभाग के प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, चार प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा, नीलू शर्मा, केदारनाथ गुप्ता, दीपक म्हसके, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम, तीन संभाग प्रभारी रायपुर के सौरभ सिंह, सरगुजा के राजा पांडेय, बिलासपुर के अनुराग सिंहदेव, प्रदेश कार्यसमिति के वरिष्ठ सदस्य और पुराने दिग्गज नेता रामप्रताप सिंह, रामसेवक पैकरा, राजीव अग्रवाल, श्रीनिवास मद्दी, लोकेश कावड़िया, चंद्रकांति वर्मा, भरत मटियारा, प्रहलाद रजक, राकेश पांडेय शामिल हैं।

### प्रदेश कार्यकारिणी में आएंगे नए चेहरे

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की कार्यकारिणी को लेकर अब इस माह से कवायद प्रारंभ होने वाली है। पुरानी कार्यकारिणी के 22 पदाधिकारियों को नया जिम्मा मिल गया है। जहां 20 पदाधिकारी निगम, मंडल में गए हैं, वहीं दो पदाधिकारी प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा और उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव महापौर बन गए हैं। अब इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका मिलेगा।

### निगम, मंडल में सबसे ज्यादा 15 ओबीसी को स्थान, चार आदिवासी नेताओं को मौका, एससी से कोई नहीं

रायपुर। प्रदेश सरकार ने निगम, मंडल और आयोग की जो 36 नामों की सूची जारी की है, उसमें सबसे ज्यादा 15 नेता ओबीसी वर्ग के हैं। इसके अलावा चार आदिवासी नेताओं को भी मौका दिया गया है। अल्पसंख्यक वर्ग से भी तीन नेता रखे गए हैं। बाकी नेता सामान्य वर्ग के हैं। एससी वर्ग से किसी भी नेता को मौका नहीं दिया गया है। सबसे ज्यादा रायपुर संभाग के 14 नेताओं को मौका मिला है। प्रदेश सरकार ने निगम, मंडल और आयोग की सूची जारी करते हुए जातिगत समीकरण को भी ध्यान में रखा है। प्रदेश में सबसे ज्यादा ओबीसी की आबादी है। ऐसे में ओबीसी पर बड़ा फोकस किया गया है। ओबीसी वर्ग के 14 नेताओं को पदों से नवाजा गया है। इसके बाद सामान्य वर्ग का नंबर है। सामान्य वर्ग के 14 नेताओं को मौका दिया गया है।

#### पूर्व विधायक और सांसद को भी मौका

निगम, मंडल की सूची में इस बार ज्यादातर नए चेहरों को मौका दिया गया है। इस बार एक भी वर्तमान विधायक को मौका नहीं दिया गया है। पूर्व विधायकों में नंद कुमार साहू, सौरभ सिंह और रामसेवक पैकरा को मौका मिला है। एक पूर्व सांसद चंदूलाल साहू को मौका दिया गया है।

#### आधा दर्जन से ज्यादा को फिर मौका

कुछ नेताओं को फिर से मौका मिला है। इसमें भूपेंद्र सवन्नी पहले गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष रह चुके हैं। संजय श्रीवास्तव आरडीए के अध्यक्ष रहे हैं। केदारनाथ गुप्ता पर्यटन मंडल, श्रीनिवास मद्दी वन विकास निगम, रामप्रताप सिंह औषधि बोर्ड, लोकेश कावड़िया बाल कल्याण परिषद, मोना सेन राज्य केश शिल्पी बोर्ड, नीलू शर्मा, शंशाक शर्मा भी पहले पदों में रह चुके हैं।

#### एससी वर्ग से कोई नहीं

निगम, मंडल, आयोग में की इस पहली सूची में एससी वर्ग के किसी भी नेता को मौका नहीं दिया गया है। बताते हैं अभी कुछ और नियुक्तियां बाकी हैं, उसमें एससी वर्ग को मौका दिया जा सकता है। इसी के साथ और भी कुछ ऐसे नेता हैं जिनकी दावेदारी सामने आई थी, उसको भी दूसरी सूची में मौका मिल सकता है।

---

## उठाव व मिलिंग में सुस्ती केंद्रीय पूल में चावल जमा करने में हो रही देर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर 149.24 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। सरकार द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, खरीदे गए धान से तैयार चावल को केंद्र और राज्य पूल में आपूर्ति करने के बाद 40 लाख मीट्रिक टन धान अधिशेष रह जाएगा। वर्ष 2024-25 में केंद्रीय पूल में 69.72 लाख मीट्रिक टन चावल जमा करने का लक्ष्य है। उठाव व मिलिंग में सुस्ती के कारण अभी राज्य सरकार के द्वारा मिलिंग के बाद केंद्रीय पूल में चावल जमा करना शुरू नहीं किया गया है। छत्तीसगढ़ में 2024-25 में किसानों से एमएसपी पर रिकॉर्ड 14,09,24,710 टन धान खरीदा गया है। केंद्र के खाद्य विभाग ने सेंट्रल पूल में 70 लाख मीट्रिक धान चावल खरीदने की अनुमति दी है, जिसमें से 54 लाख मीट्रिक टन भारतीय खाद्य निगम में और 16 लाख मीट्रिक टन नागरिक आपूर्ति निगम में उपार्जित किया जाना है। राज्य पूल के तहत नागरिक आपूर्ति निगम में 13.34 लाख मीट्रिक टन चावल खरीदा जाएगा। अभी मिलिंग किए गए चावल केंद्रीय पुल में जमा नहीं किए गए है। भारतीय खाद्य निगम द्वारा खरीदे गए चावल को रेलवे की मालगाड़ियों के माध्यम से लगातार दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा है। बताया जाता है कि मिलिंग में तेजी लाने के साथ ही केंद्रीय पुल में चावल जमा करने में तेजी आएगी।

### कोटा बढ़ाने केंद्र नहीं हुआ सहमत

राज्य सरकार ने धान खरीदी के बाद केंद्र सरकार को पत्र लिखा कि सेंट्रल पुल में राज्य का चावल का कोटा बढ़ाया जाए। केंद्र सरकार की ओर से केंद्रीय खाद्य मंत्रालय के ओर से इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया है। राज्य सरकार के पा अब अतिरिक्त 40 लाख मीट्रिक टन चावल का खुले बाजार में बिक्री का निर्णय लिया गया है। खाद्य विभाग इसके लिए जल्द ही टेंडर जारी करेगी।

---

## जिला अध्यक्षों से कहा गया- दिया जाएगा अधिकार, अपने कर्तव्यों का करें निर्वहन

### राहुल और खड़गे ने संगठन की मजबूती के लिए दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों को संगठन को मजबूत करने के टिप्स पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिए। सभी अध्यक्षों से कहा गया कि वे अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें। जिला अध्यक्षों से लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान प्रत्याशी चयन पर राय ली जाएगी। उन्हें कहा गया कि जिला के साथ ब्लॉक और बूथ लेवल को मजबूत कर पार्टी को मजबूती प्रदान करें।

नई दिल्ली में गुरुवार को आयोजित जिला अध्यक्षों की बैठक में लगभग सभी अध्यक्षों ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रदेश प्रभारी राजेश पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल, वेणुगोपाल सहित अन्य नेता भी मौजूद थे। सभी जिला अध्यक्षों से उनसे पार्टी को मजबूत करने के संबंध में राय भी ली। अधिकतर जिला कांग्रेस की नई रणनीति के तहत आने वाले दिनों में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पॉवरफुल होंगे। कांग्रेस हाई कमान से जिला अध्यक्षों को विशेष




अधिकार देने दिए जाने की पहल की जा रही है। उन्हें सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों में समन्वय स्थापित करने की भी जिम्मेदारी भी दी जा रही है।

### जिला अध्यक्षों का बढ़ा हौसलाः वर्मा

जिला अध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्र के ब्लॉक और मंडल स्थल तक की सारी जानकारी लेकर बुलाया गया था। बताया गया है कि कांग्रेस के गुजरात अधिवेशन में अध्यक्षों को और अधिकार दिए जाने का प्रस्ताव पेश किया जाएगा। रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष उधो राम वर्मा ने बताया कि दिल्ली की बैठक में शामिल होने के बाद प्रदेश के जिला अध्यक्षों की हौसला अफजाई हुई है।

---

## 13 मिलर जमा नहीं कर पाए करीब दो करोड़ का चावल, दो की बैंक गारंटी जब्त, 11 के बिल में किया गया समायोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले में चार साल पहले 2021-22 में कस्टम मिलिंग का 7645.89 क्विंटल चावल 13 मिलर्स जमा नहीं कर पाए, इनमें दो मिलर्स ने सर्वाधिक 7530.20 क्विंटल तथा शेष 11 मिलरों ने 115.61 क्विंटल चावल जमा नहीं किए थे। इस तरह सभी मिलर्स ने लगभग दो करोड़ रुपए कीमत का चावल जमा नहीं किया। इन सभी मिलर्स को छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित रायपुर द्वारा नोटिस जारी किया था। इसके बाद भी मिलर्स ने न ही चावल जमा कराया और न ही बदले में राशि जमा की। इस दौरान दो मिलर्स से राशि वसूली के लिए आरआरसी भी जारी किया। इसके बाद भी मिलर्स ने राशि जमा नहीं की, जिसके बाद दोनों की बैंक गारंटी राशि को जब्त किया गया है। वहीं शेष 11 मिलर्स ने बैंक गारंटी की जब्ती के डर से अपने-अपने बिलों में वसूली की राशि को समायोजन कराया है, जिसके बाद

### चावल जमा करने की तारीख बढ़ती रही इसलिए वसूली में देर

> चावल जमा करने के लिए मिलरों को कई बार समय दिया गया। इसके कारण वसूली में थोड़ी देर हुई है, लेकिन सभी मिलरों से जमा नहीं किए गए चावल के बदले राशि वसूल ली गई हैं। दो मिलर्स की बैंक गारंटी जब्त एवं 11 मिलर्स के बिलों में राशि समायोजन कर वसूली है।
>
> - जशवीर बघेल, डीएमओ, सहकारी विपणन संघ मर्यादित रायपुर

हरिभूमि सरोकार

इन मिलरों को बिलों का भुगतान विभाग ने वसूली की राशि काटकर किया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 में किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान को कस्टम मिलिंग के लिए मिलरों द्वारा उठाव किया गया था। रायपुर जिले में उस समय करीब ढाई सौ मिलर्स थे। इन सभी मिलर्स ने अलग-अलग मात्रा में धान का उठाव किया था। उठाव के बाद सभी मिलरों को कस्टम मिलिंग के बाद चावल जमा करना था, लेकिन मिलर्स में 13 लोग निर्धारित समय-सीमा के समाप्त होने के बाद करीब दो साल तक बचा चावल जमा नहीं कर पाएं। इनमें दो मिलर्स ने एक करोड़ 88 लाख 25 हजार 7 सौ रुपए कीमत का चावल जमा नहीं किया। इनसे चावल की रिकवरी के लिए कई बार नोटिस भी जारी किया, लेकिन दोनों मिलर्स ने न ही चावल जमा किए और न ही बदले में राशि का भुगतान किया। विभाग ने इसके बाद दोनों मिलर्स के खिलाफ आरआरसी जारी किया। इसके बाद भी जब दोनों मिलर्स ने राशि का भुगतान नहीं किया, तो विभाग ने अब इनकी बैंक गारंटी राशि को जब्त किया है।

### 2500 प्रति क्विंटल की दर से वसूली

विभाग ने 11 मिलर्स से कुल 115.61 क्विंटल चावल के बदले 2 लाख 89 हजार 25 रुपए की वसूली उनके बिलों की राशि से की गई। विभाग ने यह राशि प्रति क्विंटल 2500 रुपए की दर से वसूल की गई।

---

कलेक्टर ने रैम्प और इज ऑफ डूईंग बिजनेस पर आयोजित संभाग स्तरीय कार्यशाला को किया संबोधित

## राज्य से बाहर भी हमारी नीति का प्रचार-प्रसार करें, व्यापार का ऐसा वातावरण बनाएं जिससे निवेश बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सिविल लाइन, रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाऊस के कन्वेन्शन हॉल में औद्योगिक विकास नीति 2024-30, रैम्प तथा इज ऑफ डूईंग बिजनेस पर गुरुवार को संभाग स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कलेक्टर गौरव सिंह ने इस दौरान उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के अलावा दूसरे राज्यों में भी हमारी नीति का प्रचार-प्रसार कर व्यापार का ऐसा वातावरण बनाएं, जिससे ज्यादा से ज्यादा निवेश बढ़े। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास नीति 2024-30 पर शासन की मंशा तथा उद्योगों को बढ़ावा देना है।

इसके लिए उन्होंने उद्योगपतियों को नवीन प्रावधानों पर अधिक से अधिक निवेश के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हमारी औद्योगिक नीति काफी अच्छी है, इसमें कई ऐसे प्रावधान है जो उद्योगों को बढ़ावा देने में सहयोगी है। ऐसी नीतियों से



प्रदेश में सकारात्मक माहौल निर्मित होगा और उद्योग व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

### औद्योगिक विकास के लिए हर संभव सहयोग करेंगे

कलेक्टर ने कहा की प्रशासन और इंडस्ट्रीज सेक्टर मिलकर ऐसा कार्य करेंगे कि छत्तीसगढ़ की आर्थिक प्रगति तेजी से हो, युवाओं को रोजगार मिले और हमारे प्रदेश का नाम पूरे देश में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए प्रशासन स्तर पर उद्योपतियों को हर संभव सहयोग किया जाएगा। उद्योग विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में सीएसआईडीसी के कार्यपालक संचालक आलोक त्रिवेदी व उद्योग संचालनालय से संयुक्त संचालक शिव राठौर सहित रायपुर संभाग में स्थापित उद्योगों के प्रतिनिधि और सीए प्रतिभागी के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में केंद्र सरकार द्वारा एमएसएमई उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये जारी रैम्प स्कीम की विस्तृत जानकारी ईवाय की टीम द्वारा दी गई। साथ ही राज्य की नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30 पर विस्तृत परिचर्चा कर प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया। इसमें जिला व्यापार उद्योग केंद्र रायपुर के मुख्य महाप्रबंधक के साथ गरियाबंद, धमतरी और महासमुंद के महाप्रबंधक उपस्थित रहे।

### 5 वर्ष में 5 लाख नए औपचारिक क्षेत्रों में रोजगार का लक्ष्य

इस नीति के माध्यम से राज्य के युवाओं के लिए कौशलयुक्त रोजगारों का सृजन करते हुए अगले 5 वर्षों में 5 लाख नए औपचारिक क्षेत्रों में रोजगार का लक्ष्य रखा गया है। इस नीति में स्थानीय श्रमिकों को औपचारिक रोजगार में परिवर्तित करने के लिए प्रशिक्षण कर प्रोत्साहन का प्रावधान करते हुए एक हजार से अधिक रोजगार प्रदाय करने वाली इकाईयों को प्रोत्साहन के अतिरिक्त विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है।

### नई नीति में नक्सल प्रभावित व समर्पित नक्सली को भी प्रोत्साहन देने का प्रावधान

नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान में सहभागिता के लिए अनुसूचित जाति, जनजाति, महिला उद्यमियों, सेवानिवृत्त अग्निवीर, भूतपूर्व सैनिकों (जिनमें पैरा मिलेट्री फोर्स भी सम्मिलित है) के अलावा नक्सल प्रभावित, आत्म-समर्पित नक्सलियों एवं तृतीय लिंग के उद्यमों का अतिरिक्त प्रोत्साहन दिए जाने का प्रावधान किया है।

---

## 39 विशेषज्ञ चिकित्सक व चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने व स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी के लिए पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों व चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।
स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में में 31 चिकित्सा अधिकारियों (संविदा) व 08 विशेषज्ञ चिकित्सकों (संविदा) की पदस्थापना की गई है। जिससे त्वरित इलाज में तेजी आएगी और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा। इन डॉक्टरों को संबंधित जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा आज इन नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों (संविदा) के जारी आदेश में डॉ. रितु बघमार जिला अस्पताल बलौदा बाजार-भाटापारा, डॉ. गौरव दानी जिला अस्पताल बेमेतरा, डॉ अशफाक हुसैन जिला अस्पताल दंतेवाड़ा, डॉ संतराम चुरेन्द्र व डॉ. ऋचा वर्मा की जिला अस्पताल दुर्ग, डॉ संजय कुमार सिंह जिला अस्पताल जांजगीर चांपा, डॉ मिलिंद मनोहर देवधर, शहरी सामुदायिक केन्द्र रायपुर व डॉ शिवम जायसवाल की जिला अस्पताल सूरजपुर में पदस्थापना की गई है।

# 8 जोन में निर्विरोध अध्यक्ष, जोन 3 में विवाद, नहीं हुआ प्रत्याशी का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम में गुरुवार को जोन अध्यक्षों का चुनाव हुआ। इसमें 8 जोन में भाजपा पार्षद निर्विरोध चुने गये हैं, जबकि जोन 3 में अध्यक्ष प्रत्याशी का चयन नहीं होने के कारण चुनाव नहीं हो पाया, यहां जल्द ही चुनाव होंगे। शहरी सरकार में भाजपा के सत्ता में आने के बाद जोन अध्यक्षों का चुनाव पिछली बार की तरह ही हुआ है। जोन अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया जोन कार्यालय में पूरी की गई। कांग्रेस पार्षदों की संख्या कम होने के कारण कांग्रेस की ओर से नामांकन दाखिल नहीं किये गये। इसीलिये सिंगल नामांकन होने के कारण निर्विरोध चुनाव हुये।





### जोन 3 में विवाद इसलिए नहीं हुआ चुनाव, जोन 5 में उभरे असंतोष के स्वर

शंकरनगर स्थित जोन 3 अध्यक्ष के लिए पार्षद साधना-प्रमोद साहू का नाम करीब तय था। कमेटी की ओर से इसमें मुहर लग गई थी, लेकिन उनका नाम लिस्ट में जारी नहीं किया गया। इस बात को लेकर असंतोष की स्थिति बनी रही। सूत्रों के मुताबिक भाजपा के एक वरिष्ठ नेता प्रदीप वर्मा को जोन अध्यक्ष बनाना चाहते थे। इसीलिए उन्होंने सूची में शामिल साधना-प्रमोद साहू के नाम पर ऐतराज जताया, इसलिये उनकी आपत्ति के बाद सूची जारी नहीं की गई। अब यहां कल चुनाव होगा। वहीं जोन 5 अध्यक्ष पद के लिये पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के पार्षद आशु चंद्रवंशी का नाम तय था, पर उनका नाम लिस्ट में जारी नहीं किया गया। सूत्रों के मुताबिक भाजपा के वरिष्ठ नेता की आपत्ति के बाद श्री चंद्रवंशी का नाम जारी नहीं किया गया। उनकी जगह अंबर अग्रवाल को जोन 5 अध्यक्ष बनाया गया। इस बात को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा बनी रही। विदित हो कि एमआईसी गठन के समय भी पार्षद आशु चंद्रवंशी का नाम प्रमुखता से सामने आया, पर बाद में उनका नाम हटाने को लेकर खूब चर्चा रही।

### जोन अध्यक्ष के लिये इनका निर्वाचन

जोन 1 - गज्जू साहू
जोन 2 - सभापति सूर्यकांत राठौर पदेन अध्यक्ष
जोन 3 - चुनाव नहीं हो पाया
जोन 4 - मुरली शर्मा,
जोन 5 - अंबर अग्रवाल
जोन 6 - बद्री प्रसाद गुप्ता
जोन 7- श्वेता विश्वकर्मा
जोन 8- प्रीतम सिंह ठाकुर
जोन 9- गोपेश साहू
जोन 10 - सचिन मेघानी

## खबर संक्षेप

### रामनवमी संन्यास दिवस 6 अप्रैल को

**रायपुर।** मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में 6 अप्रैल को रामनवमी संन्यास दिवस और 5वां दीक्षारोहण का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम संपूर्ण पतंजलि परिवार छग, पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास, युवा भारत छग, किसान सेवा समिति और पतंजलि सोशल मीडिया द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वेदराम मनहरे होंगे। विशिष्ट अतिथि सुनील रामदास अग्रवाल समेत अन्य भी शामिल होंगे। कार्यक्रम दोहपर 3 बजे से शाम 6 बजे तक जारी रहेगा।

### पार्षद श्वेता का किया अभिनंदन



**रायपुर।** नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की रिकॉर्डतोड़ जीत के बाद गुरुवार को रायपुर नगर निगम के पार्षदों ने सभी जोन के अध्यक्षों का चुनाव किया, जिसमें तात्यापारा वार्ड की नवनिर्वाचित पार्षद श्वेता विश्वकर्मा को जोन क्रमांक-7 का अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। चुनाव जीतने के बाद श्रीमती विश्वकर्मा को जोन-7 का अध्यक्ष बनाए जाने से वार्ड में काफी उत्साह का माहौल बन गया। सभी वार्डवासियों एवं जोन के सभी कर्मचारी वार्ड पार्षद एवं जोन-7 की अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा को बधाई देने पहुंचे और उनका स्मृति चिन्ह, बुके प्रदान कर अभिनंदन किया।

### पुष्पलता को मिला सशक्त नारी सम्मान

**रायपुर।** छात्र और शिक्षक के सर्वांगीण विकास तथा समाजसेवा के लिए संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ (समग्र विकास मंच) द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का भव्य आयोजन विगत दिनों वृंदावन हॉल सिविल लाइंस में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षाधिकारी विजय कुमार खण्डेलवाल, उड़ान नई दिशा संस्थापक अध्यक्ष निधि चंद्राकर, जागेश्वरी मढ़रिया मेश्राम उपस्थित रहीं। उक्त कार्यक्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डूमरतराई में पदस्थ शिक्षिका पुष्पलता खान को उनके उत्कृष्ट, अप्रतिम कार्य व सहयोग के लिए सशक्त नारी सम्मान दिया गया। शिक्षिका ने संस्था संरक्षक परसराम साहू, महासचिव मधु देवांगन, अध्यक्ष मीना भारद्वाज, संस्थापक संजय मैथिल व समस्त पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## निधन

### रीता सिंह

**रायपुर।** न्यू कैलाशपुरी निवासी रीता सिंह (73) का 3 अप्रैल को निधन हो गया।



उनकी अंतिम यात्रा 4 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे स्व. इंद्रबहादुर सिंह की पत्नी और प्रतीक सिंह की माता थीं।

### नगर निगम ने राज्य शासन के पास भेजा प्रस्ताव

# शहर के 11 रहवासी इलाकों में होगा सड़क निर्माण, 5 तालाबों के पास बनेगा वेंडिंग जोन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम शहर से लगे ग्रामीण इलाकों में लोगों के आवागमन की सुविधा के लिये आंतरिक सड़क का निर्माण कराएगा। इसके लिए राज्य शासन के पास निगम ने 20 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाकर मंजूरी के लिये भेजा है। इसी तरह बूढ़ातालाब की तर्ज पर राजधानी के 5 अन्य तालाबों के पास नए वेंडिंग जोन बनाये जायेंगे। इसके लिये सिटी डेवलपमेंट प्लान में प्रावधान किया गया है।

रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल आमासिवनी, लभांडी, रायपुरा, भाठागांव, सरोना, चंदनीडीह, सड्डू और अमलीडीह इलाके में लोगों के आवागमन को सुगम बनाने आंतरिक रोड का निर्माण कराया जायेगा। 11 जगहों पर रहवासी इलाके में नई सड़क बनाने 20 करोड़ रुपये का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया है। शासन से मंजूरी मिलने पर ग्रामीण इलाकों में नई सड़क का निर्माण करने ऑनलाइन टेंडर किया जायेगा। इसी तरह बूढ़ातालाब की तर्ज पर राजधानी के 5 अन्य तालाबों के पास पथकर विक्रेताओं को सुव्यवस्थित करने नए वेंडिंग जोन बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इनमें जोरा तालाब, गजराज बांधा तालाब, महंत तालाब, छुइहा तालाब और खमतराई तालाब शामिल हैं। इसके लिए 33 करोड़ रुपये का प्रावधान सिटी डेवलपमेंट प्लान में किया गया है। राज्य शासन के पास यह प्रस्ताव मंजूरी के लिए भेजा गया है।

## नालंदा की तर्ज पर शहर में 2 जगहों पर आधुनिक लाइब्रेरी के लिए भेजा प्रस्ताव

राजधानी के जीई रोड स्थित नालंदा लाइब्रेरी की तर्ज पर युवाओं के लिये 2 आधुनिक लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन का निर्माण कराया जायेगा। दलदल सिवनी में साइंस सेंटर के पीछे और एम्यूजमेंट पार्क के पास हाईटेक लाइब्रेरी बनायी जायेगी। इसी तरह जीई रोड में नालंदा पार्ट 2 लाइब्रेरी का निर्माण करने का प्रस्ताव बनाकर शासन के पास मंजूरी के लिये भेजा गया है। युवाओं के लिये शहर में आधुनिक शिक्षा और अनुसंधान सुविधा प्रदान करने नगर निगम द्वारा 2 आधुनिक लाइब्रेरी बनवाई जायेगी। 500-500 सीटर की क्षमता वाली 2 हाइटेक लाइब्रेरी बनाने के लिए निगम बजट में 22 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, ताकि युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने और अध्ययन के लिये एक सुविधा युक्त स्थान मिल सके। विदित हो, राजधानी के मोतीबाग चौक स्थित नगर निगम के जोन 4 दफ्तर के पास तक्षशिला नाम से नगर निगम द्वारा हाल ही में लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन का निर्माण कराया गया है। इसका संचालन नालंदा लाइब्रेरी की तर्ज पर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति के माध्यम से किया जा रहा है।

■ 500 सीटर क्षमता वाली हाईटेक लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन का होगा निर्माण



### 2 स्थानों पर बनेगी आधुनिक लाइब्रेरी

*युवा वर्ग के लिये राजधानी में 2 स्थानों पर नालंदा की तर्ज पर हाईटेक लाइब्रेरी का निर्माण कराया जायेगा। इसके लिये निगम बजट में प्रावधान किया गया है।*

*-मीनल चौबे, महापौर, नगर निगम रायपुर*

# महामाया मंदिर में नहीं मिली चुनरी चढ़ाने की अनुमति, पहुंचे शीतला माता की शरण में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नौकरी से निकाले गए बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों के समायोजन के लिए बनाई गई समिति की दूसरी बैठक शुक्रवार को होगी। इसके पूर्व गुरुवार को बर्खास्त किए गए 2621 शिक्षकों ने शीतला माता को 2621 फीट की चुनरी चढ़ाई। बर्खास्त शिक्षक पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर में चुनरी चढ़ाने वाले थे, लेकिन नवरात्रि के कारण भक्तों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा इसकी अनुमति नहीं दी गई। इसके कारण शिक्षकों ने भाठागांव स्थित शीतला माता मंदिर में चुनरी अर्पित की। शिक्षकों ने माता से समायोजन का आशीर्वाद मांगा। छत्तीसगढ़ के स्कूलों में रिक्त पदों पर समायोजन और सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर विगत 111 दिनों से बीएड प्रशिक्षित शिक्षक धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। शिक्षकों ने कहा कि यह आयोजन न केवल हमारी श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है, बल्कि संघर्ष की सकारात्मक दिशा में बढ़ते कदमों का भी प्रमाण है। इसके पूर्व पंचमी पर महिला शिक्षिकाओं ने नवदुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का प्रदर्शन कर अपने आत्मबल और संकल्प को उजागर किया।

■ समायोजन के लिए बनाई गई समिति की दूसरी बैठक आज

### आज बैठक में निर्णय की उम्मीद

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनाई गई समिति की दूसरी बैठक 4 अप्रैल को प्रस्तावित है, जिसमें समायोजन के लिए ठोस निर्णय लिए जाने की संभावना है। बीएड शिक्षकों को नौकरी से निकाले जाने के बाद शिक्षा विभाग में रिक्त पदों की समीक्षा करने और योग्यतानुसार बर्खास्त शिक्षकों को नौकरी प्रदान किए जाने के लिए यह समिति बनाई गई थी। समिति की पहली बैठक में कोई विशेष नतीजा नहीं निकल सका था। ऐसे में आज होने वाली बैठक में ठोस निर्णय लिए जाने की उम्मीद शिक्षकों को है। बर्खास्त शिक्षकों ने कहा कि उन्हें सरकार पर पूर्ण विश्वास है और आशा है कि समिति का निर्णय उनके पक्ष में होगा।

# लोन दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी, चार के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोन दिलाने तथा लोन की किस्त जमा करने का झांसा देकर 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी का मामला सामने आया है।




कोतवाली थाने में पांच अलग-अलग लोगों ने आरबी ग्रुप स्पर्श एडवायजरी से जुड़े चार लोगों के खिलाफ ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्रुप की ठगी के बारे में लोगों को जैसे-जैसे जानकारी मिल रही है, लोग पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने पहुंच रहे हैं।

जीई रोड अनुपम गार्डन के पास रहने वाले त्रिभुवन सिंह की शिकायत पर पुलिस ने आरबी ग्रुप स्पर्श एडवायजरी के संचालक अभय गुप्ता, रागिफ हुसैन, मनोज प्रधान तथा सुरेंद्र सिंह के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। सभी अंबिकापुर के रहने वाले हैं। चारों ने डेढ़ वर्ष पूर्व लोगों को लोन दिलाने में मदद करने के नाम से कंपनी खोली थी। संबंधित एजेंसी जिन लोगों को लोन दिलाने का काम करती थी, वह उनके दस्तावेजों के माध्यम से बैंक से लोन निकालकर संबंधितों को देते थे।

■ लोन की किस्त जमा करने का झांसा देकर एडवाइजरी कंपनी ने लोगों को बनाया ठगी का शिकार

### ऐसे फंसाते थे लोगों को

त्रिभुवन ने पुलिस को बताया है कि बैंक से एक करोड़ तीन लाख रुपए लोन दिलाने के बदले आरबी ग्रुप ने उसे आधी राशि देने तथा लोन की किस्त की राशि ग्रुप द्वारा जमा किए जाने का झांसा देकर दस्तावेज ले लिए। जालसाज त्रिभुवन के दस्तावेज से बैंक से लोन लेने के बाद कुछ समय तक किस्त की राशि जमा की, बाद में राशि जमा नहीं की। बैंक प्रबंधन का नोटिस आने के बाद त्रिभुवन को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली।

### बहुतों को बनाया ठगी का शिकार

पुलिस के पास अभी पांच लोग ठगी की शिकायत दर्ज कराने पहुंचे हैं। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक आरबी ग्रुप स्पर्श एडवायजरी ने लोन दिलाने का झांसा देकर इसी तरह से कई और लोगों के साथ ठगी की है। इनमें से बहुत से लोग परेशानी से बचने लोन की राशि भी जमा कर रहे हैं। जिन लोगों के नाम से लोन लिया जाता था, उन्हें लोन का झांसा दिलाने वाली एजेंसी संबंधितों के दस्तावेजों को अपने प्रमाण के लिए रखने की बात कह कर झांसे में लेकर उन दस्तावेजों की मदद से लोन दिलाने वाली एजेंसी बैंक से लोन निकालती थी। जालसाजों ने चोला मंडलम सहित इंडसइंड, यस बैंक, आईसीआईसीआई और आदित्य बिड़ला बैंक से अलग-अलग लोगों के नाम से लोन लिया है।

## अब घर बैठे वाहन लाइसेंस संबंधित सुविधाओं का ऑनलाइन आवेदन

**रायपुर।** परिवहन संबंधित कार्य कराने वाहन चालक तथा मालिकों को बिचौलियों से बचाने परिवहन विभाग ने वाहन संबंधित 23 तथा ड्राइविंग लाइसेंस संबंधित 19 सेवाओं से जुड़े कार्य की ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा शुरू की है। इसके लिए केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय के परिवहन सेवा पोर्टल परिवहन डॉट जीओवी डॉट इन में जाकर आवेदन करना होगा। परिवहन विभाग ने जिन सुविधाओं को ऑनलाइन किया है, उनमें वाहन से संबंधित मोटर वाहन के अस्थायी पंजीकरण के लिए आवेदन के साथ पूर्ण निर्मित बॉडी वाले मोटर वाहन के पंजीकरण, आरसी डुप्लिकेट, पंजीकरण प्रमाणपत्र शुल्क जमा करना, पंजीकरण प्रमाणपत्र के लिए एनओसी, पंजीकरण प्रमाणपत्र में एड्रेस परिवर्तन, शुल्क के विरुद्ध पंजीकरण प्रमाणपत्र, मोटर वाहन के स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना जैसे अन्य 11 तरह की सुविधा के लिए ऑनलाइन आवेदन सुविधा शुरू की गई है। इसी तरह से ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित 23 सुविधाओं के लिए आवेदन करने ऑनलाइन व्यवस्था की गई है।

## पेज 13 के शेष

### फुट ओवरब्रिज सात...

कई लोग हादसे के शिकार हो गए। इस बात को ध्यान में रखते हुए तत्कालीन लोक निर्माण मंत्री राजेश मूणत के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने लोगों को राहत पहुंचाने हीरापुर तथा कबीर नगर चौक पर 65-65 लाख रुपए की लागत से दो एफओबी का निर्माण कराया। एफओबी बनने के बाद कुछ समय तक हीरापुर एफओबी में लोगों की आवाजाही होती रही। लेकिन लोगों की आवाजाही कम होने पर नशेड़ी तथा असामाजिक तत्वों ने एफओबी को अपना ठिकाना बना लिया।

### शिकायत के बाद...

ध्यान नहीं दे रहा। इस संबंध में संबंधित विभाग के अफसर से संपर्क करने पर वे इस मामले मे कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। साथ ही मौके पर जांच टीम भेजकर वस्तुस्थिति की जानकारी लेने के बाद एपओबी में सुधार करने की बात कही।

### हर महीने 50 से...

टिटलागढ़-लखोली एवं टिटलागढ़-सबलपुर सेक्शन में पुल पुनर्निर्माण के लिए ब्लाक लिया जा रहा है। इसी तरह लखनऊ रेलवे में दोहरीकरण का काम होगा।

### तीन मिमी बारिश ने...

3 डिग्री तक पारा चढ़ेगा। अर्थात आगामी 48 घंटे राहत के बाद फिर से गर्मी का सामना करना पड़ेगा। शुक्रवार को बस्तर सहित इससे लगे संभाग तथा शनिवार को केवल बस्तर संभाग में बारिश की संभावना जताई गई है। इसके बाद प्रदेश में बदली-बारिश का दौर कुछ दिनों के लिए थम जाएगा। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में क्षोभमंडल के निम्न स्तर पर बंगाल की खाड़ी से नमी का आगमन लगातार जारी है, जिसके कारण प्रदेश के दक्षिणी भाग में हल्के बादल छाए रहने और हल्की वर्षा होने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी आशंका मौसम विभाग ने जताई है।

### प्रदेश में सबसे ज्यादा...

कि रायपुर शहर में भी मेट्रो सिटी की तर्ज पर डेवलपमेंट कार्य के साथ लाइट मेट्रो ट्रेन सहित कई बड़े प्रोजेक्टों पर विचार किए जा रहे हैं।

**आवासीय प्लाटों की बिक्री ज्यादा:** रायपुर शहर का दायरा जैसे-जैसे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे अब प्रदेश के दूसरे शहरों के अलावा दूसरे राज्यों के रहवासी भी रायपुर में आकर बसने लगे हैं। इसके लिए सबसे पहले वे प्रॉपर्टी की खरीदारी कर रहे हैं। यहीं कारण है कि इस बार जितनी रजिस्ट्री हुई हैं, उनमें आवासीय प्लाट की संख्या ज्यादा हैं। मेट्रो सिटी की तरह रायपुर में भी स्वतंत्र मकान के साथ फ्लैट्स की डिमांड भी लगातार बढ़ रही है, इसलिए आवासीय प्लाट, स्वतंत्र मकान के साथ फ्लैट की बिक्री भी अच्छी हुई है।

### रीएजेंट घोटाले के...

अफसरों ने इशारों में बताया है कि अब तक की पूछताछ के आधार पर आने वाले दिनों में कुछ और लोगों को पूछताछ के लिए तलब किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर उनकी गिरफ्तारी की जा सकती है।

### अब कचरा बीनने...

में कचरा बीनने वालों के योगदान को मान्यता देना और उन्हें मजबूत बनाना तथा उन्हें पीएम-जेएवाई के अंतर्गत आयुष्मान भारत, प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति आदि सहित प्रमुख सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है।

**इस तरह होगी प्रोफाइलिंग:** कचरा बीनेने वालों की प्रोफाइलिंग इस तरह की जाएगी। सबसे पहले राज्य का नाम, नगरीय निकाय का नाम, प्रोफाइलिंग शुरू होने की तिथि, अनौपचारिक कचरा बीनने वालों की अनुमानित कुल संख्या, संकलित सूची में कचरा बीनने वालों की संख्या, नामांकित सर्वेक्षकों की कुल संख्या, सर्वेक्षक बनाए गए हैं या नहीं, कुल सत्यापनकर्ताओं की संख्या नामांकित, सृजित सत्यापनकर्ताओं की आईडी बनाई गई है या नहीं। प्रोफाइलिंग के लिए आयोजित किए जाने वाले शिविरों की सूची, शिविर का स्थान, तिथि, पहचानी गई बस्तियों, रास्तों की संख्या, डोर-टू-डोर सर्वेक्षण की तिथि का भी उल्लेख होगा।

### संगठनों को भी किया...

योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध किया गया है, ताकि नमस्ते एप्लीकेशन का उपयोग करके कचरा बीनने वालों की प्रोफाइलिंग में शहरी स्थानीय निकाय का समर्थन किया जा सके और अन्य योजना लाभ प्रदान किए जा सकें। इसके अलावा, भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुसार, कचरा बीनने वालों की प्रोफाइलिंग तुरंत शुरू की जानी है ताकि योजना के तहत लाभ उन्हें समयबद्ध तरीके से दिया जा सके।

## छोटी माता से बचाव के लिए कल बांटेंगे होम्योपैथी दवा

**रायपुर।** नवरात्रि पर्व पर 5 अप्रैल शनिवार को महामाया देवी मंदिर पुरानी बस्ती में छोटी माता (चिकनपॉक्स) से बचाव के लिए होम्योपैथिक प्रतिरोधक दवाईयों का निशुल्क वितरण किया जाएगा। इस शिविर के माध्यम से लगभग 4000 जनमानस के लाभान्वित होने की संभावना है। आयोजक डॉ. यशपाल बावरिया ने बताया कि मार्च से मई महीने के बीच होने वाली इस संक्रमित बीमारी से संबंधित निशुल्क जांच और परामर्श देने की तैयारी है। साथ ही जांच शिविर को गोल्डन बुक ऑफ रिकार्ड में शामिल किया जाएगा।

## प्रयोगशाला सहायक के परिणाम जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा प्रयोगशाला सहायक के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। कृषि संचालनालय के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए ये भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। व्यापम द्वारा 9 मार्च को लिखित परीक्षा आयोजित किए जाने के बाद 13 मार्च को मॉडल आंसर जारी किए गए थे। 20 मार्च तक मांगे गए दावा आपत्ति के निराकरण पश्चात अंतिम नतीजे व्यापम ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला रायपुर छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202503115500027/ अ-6/ वर्ष 2024-25

सारागांव दिनांक 24.03.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अर्चना त्रिपाठी पति अवधेश कुमार त्रिपाठी निवासी इंद्रावती कालोनी रायपुर द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम सारागांव, प.ह.न. 10, रा.नि.म. सारागांव, तह. धरसीवा, जिला-रायपुर के अंतर्गत खसरा नं. 502/1, 502/4, 502/5, 502/6, 502/8, 502/9, 502/10, 502/12, 502/13 रकबा क्रमशः 1.109, 0.324, 0.324, 0.324, 0.138, 0.138, 0.142, 0.259, 0.348 हे. योग ख.न. 09 रकबा 3.106 हे. भूमि को पंजीकृत बैनामा दिनांक 30/03/2023 के अनुसार विक्रेता रामकृष्ण देवांगन पिता गोविंदराम देवांगन निवासी सारागांव, रायपुर से क्रय किया गया है। जिसके आधार पर आवेदिका द्वारा नामांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायायल में नियत पेशी दिनांक 11.04.2025 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार,**
**उप तहसील सारागांव**
**जिला रायपुर छ.ग.**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**क्रमांक/ /अ-6अ/2024-2025 रायपुर, दिनांक-18/03/2025, ग्राम- चंगोराभाठा, प.ह.नं. 60, तहसील व जिला रायपुर**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवी सिंह ठाकुर निवासी रायपुरा तहसील व जिला रायपुर द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया हैं कि श्रीमति रश्मि झा के स्वामित्व एवं हक की आवासीय परिवर्तित खाता अनु 865 खसरा नम्बर 3/21 का भाग रकबा 600 वर्गफुट भूमि, जो चंगोराभाठा, पटवारी हल्का नम्बर 105, डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड में स्थित है को आवेदक देवी सिंह ठाकुर पिता श्री राधेश्याम सिंह ठाकुर, एवं आवेदक की पत्नी श्रीमति रोहिनी ठाकुर, पति श्री देवी सिंह ठाकुर के नाम से क्रय कर रजिस्ट्री दिनांक 30/05/2015 को कराया गया है तथा प्रमाणीकरण करा लिया गया है। रजिस्ट्री की छायाप्रति संलग्न है। यह कि श्रीमति रश्मि झा द्वारा उक्त भूमि श्री ईश्वर कुमार साहू, पिता स्व. श्री रेवाराम साहू, निवासी महामाया मेन रोड, आरंग जिला रायपुर से क्रय किया गया है एवं 02 दिसम्बर, 2011 को रजिस्ट्री कराया गया है. रजिस्ट्री की प्रति संलग्न है का लेख करते हुए आवेदक एवं उसकी पत्नि के नाम से क्रय किये गये 600 वर्गफूट भूमि को ऑनलाईन दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनांक **07/04/2025** को होगी। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक **07/04/2025** तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक **18/3/2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

**NAME CHANGE NOTICE**

I, **Phuleshwari Devi**, wife of Duj Ram, residing at Village- Sanoud, Post- Sanoud, Tehsil- Gurur, District- Balod, Pin- 491222, State- Chhattisgarh, have officially changed my name from **Phuleshwari Devi** (as per my husband's service records) to **Fuleshwari Nishad**. This name change has been executed through an affidavit dated 04.04.2025 before the Notary Public at Balod, Chhattisgarh.

Henceforth, I shall be known and recognized as Fuleshwari Nishad for all government and legal purposes.

**Date: 03 April 2025**

**Deponent**
**Fuleshwari Nishad**



# बस्तर में मलेरिया पर डंक, चार साल में पॉजिटिव रेट 4.6 से घटकर 0.33 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर या किसी और शहर में अब भी लोग मच्छरों के हमलों से हलाकान हैं, काफी सरकारी कोशिशों के बाद भी मच्छर कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। हालत ये है कि दिन हो या रात, हर समय मच्छर हमलों के लिए तैयार रहते हैं।

इससे उलट एक तस्वीर और है। मच्छरों के हमलों से सबसे ज्यादा हताहत रहने वाले राज्य के वनांचल इलाके बस्तर संभाग में अब से करीब पांच साल पहले तक मच्छर काटने से सबसे अधिक लोग परेशान और बीमार होकर जान गंवा रहे थे, राज्य सरकार ने इसी दौरान वर्ष 2020 में मलेरिया उन्मूलन के लिए अभियान शुरू किया था। उस समय वहां मलेरिया पॉजिटिव की दर 4.6 प्रतिशत थी, लेकिन अभियान का नौंवा चरण आते आते यह दर 0.33 प्रतिशत रह गई है। छत्तीसगढ़ राज्य से मलेरिया को उन्मूलन करने हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 'मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान चलाया गया है। अभियान के प्रथम चरण वर्ष 2020 में प्रारंभ किया गया। अभियान का दसवां चरण माह जुन-जुलाई 2024 में पूर्ण किया गया। सर्वे दल के द्वारा घर-घर भ्रमण कर आर.डी. टेस्ट के माध्यम से सभी व्यक्तियों का रक्त जाँच किया गया एवं मलेरिया पॉजिटिव पाए गए रोगियों को स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा अपने सामने मलेरिया रोधी दवा का प्रथम खुराक खिलाया गया। स्थानीय स्तर पर पाए जाने वाले खाद्य खिलाने के पश्चात ही दवा सेवन कराया गया, ताकि किसी भी पार्श्व-प्रतिक्रिया को समय पूर्व उपचार किया जा सकें। पूर्ण उपचार सुनिश्चित करने हेतु रोगियों को उपचार कार्ड प्रदाय किया गया तथा संबंधित ग्राम पारा के मितानिन बहनों के द्वारा दवा का शेष खुराख पूर्ण कर, दवा का खाली-पत्ता को संग्रहीत किया गया।

### हर चरण में लाखों लोगों की जांच

अभियान के दौरान सर्वे दल द्वारा जाँच एवं उपचार के साथ-साथ एल.एल.आई.एन मच्छरदानी के उपयोग हेतु जानकारी दिया गया एवं मच्छर लार्वा स्रोत नियंत्रण गतिविधि आदि कार्य भी किया गया है। रक्त जांच के बाद हितग्राहियों के पैर के अंगूठे में निशान लगाया गया, साथ ही सभी सर्वे किये गए घरों में स्टीकर चस्पा किया गया। प्रथम चरण में 14.06 लाख, द्वितीय चरण में 23.75 लाख, तृतीय चरण में 15.70 लाख, चतुर्थ चरण में 19.98 लाख, पांचवां चरण में 14.36 लाख, छठवां चरण में 43.61 लाख सातवां चरण में 19.50 लाख, आठवां चरण में 21.31 लाख, नौवां चरण में 19.64 लाख एवं दसवां चरण में 14.66 लाख व्यक्तियों का मलेरिया जांच किया गया। प्रथम चरण में 64646, द्वितीय चरण में 30076, तृतीय चरण में 16126, चतुर्थ चरण में 9790, पांचवां चरण में 11321, छठवां चरण में 7479, सातवां चरण में 8939, आठवां चरण में 4615, नौवां चरण में 10271 एवं दसवां चरण में 4899 व्यक्तियों का मलेरिया पॉजिटिव पाया गया, जिनका पूर्ण उपचार किया गया। बस्तर संभाग में प्रथम चरण में मलेरिया धनात्मक दर 4.6 था जो घटकर नौवां चरण में 0.33 पर आ गया है।



- शहरों में अब भी लोग हैं मच्छरों से हलाकान
- अभियान के तहत लाखों लोगों की जांच की और दवा दी

*बस्तर था मलेरिया के लिए अतिसंवेदशील : राज्य के बस्तर संभाग मलेरिया हेतु अतिसंवेदनशील क्षेत्र रहा है। मलेरिया उन्मूलन के तहत त्वरित निदान एवं पूर्ण उपचार हेतु सभी मितानीन, उप स्वास्थ्य केन्द्र में रेपिड डायग्नोस्टिक किट (आर.डी. किट) उपलब्ध कराई गई है. जिससे रोगियों की तत्काल पहचान कर सम्पूर्ण उपचार दिया जा रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा जिला चिकित्सालय में अपातकालीन स्थिति में उपयोग हेतु आर.डी. किट उपलब्ध कराई गई है। वर्ष 2024 में माह नवंबर तक 72.55 लाख मलेरिया संभावित रोगियों की जांच की गई, जिसमें से कुल 48.28 लाख रोगियों का आरडी टेस्ट से जांच की गई। कुल 31043 मलेरिया धनात्मक प्रकरण पाये गये जिसमें से 20946 प्रकरण आरडी टेस्ट जांच से धनात्मक पाये गये।*

### रायपुर की लैब में होती है हर माह जांच

मलेरिया संबंधी जांच हर माह केन्द्रीय प्रयोगशाला एवं क्षेत्रीय कार्यालय प्रयोगशाला, भारत सरकार लालपुर, रायपुर में जांच किए गए रक्तपट्टी का क्रॉस चेक किया जाता है। जिले में पदस्थ मानव संसाधनों को कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु विकासखंड स्तर, जिला स्तर, संभाग स्तर तथा राज्य स्तर में समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### द्रौपदी और वंदना बनीं साईं दर्शन आवास समिति की अध्यक्ष

**रायपुर।** श्री साईं दर्शन आवास समिति जोरा में अध्यक्ष पद के लिए गुरुवार को चुनाव किया गया, जिसमें दो अध्यक्ष द्रौपदी सूर्यवंशी और वंदना बिसेन को चुना गया। चुनाव में मतों द्वारा दोनों पैनल के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार को 51-51 मत प्राप्त हुए। दो अध्यक्ष को बराबर-बराबर मत मिलने से छह-छह माह का कार्यकाल निर्धारित किया गया है। चुनाव अधिकारी द्वारा रात्रि में ही दोनों अध्यक्ष को छह-छह माह का कार्यकाल देने का निर्णय लिया गया है। श्रीमती बिसेन छह माह और श्रीमती सूर्यवंशी छह माह अध्यक्ष पद संभालेंगीं। अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष मालती राय, कोषाध्यक्ष मीना ठाकुर, संयुक्त सचिव सुमन सिंह और सचिव सरोज श्रीवास्तव बनीं।

### सहायक संचालक के लिए आवेदन 8 तक

**रायपुर।** लोक सेवा आयोग द्वारा वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अंतर्गत सहायक संचालक उद्योग प्रबंधक के रिक्त पदों पर भर्ती की जा रही है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया 10 मार्च से प्रारंभ हो गई थी। कैंडिडेट्स इसके लिए 8 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के ही अंतर्गत निरीक्षक वाष्पयंत्र की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। पीएससी यह परीक्षा 4 मई को लेगा। परीक्षा संबंधित विस्तृत अधिसूचना पीएससी ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है।

## बिरगांव निगम के बजट में उछाले गए पुराने मामले

# जलसंकट पर मची रार, दो सड़क, नाला-नाली की सौगात, 9.70 लाख फायदे का बजट पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जल संकट को लेकर कई पार्षदों ने बजट सत्र में प्रश्न काल के दौरान जोरदार हंगामा किया। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच रार मचा, तो उरला पुलिस ने दस्तक दी, लेकिन सभापति कृपाराम निषाद के आग्रह पर दोनों पक्ष के लोग शांत हुए। इस बीच जनता को नई सुविधा और सौगात के नाम पर दो नई सड़कों और बिरगांव नाला सहित नालियों का निर्माण करवाने का प्रस्ताव पेश किया गया। वहीं 149.31 करोड़ के बजट में 9.70 लाख फायदे का बजट महापौर नंदलाल देवांगन ने पेश किया।

बिरगांव निगम के महापौर ने कार्यकाल का चौथा बजट पेश करने के लिए मसौदे से भरा ब्रीफकेस लेकर पार्षद दल के साथ सामान्य सभा के लिए दोपहर 12.20 बजे पहुंचे, लेकिन सामान्य सभा शुरू होते ही पार्षद एवज देवांगन ने सचिव द्वारा बिना जानकारी दिए प्रश्न काल शुरू किए जाने को लेकर आपत्ति की। तब सचिव ने सामुदायिक भवन की जमीन पर कब्जे, ट्रांसपोर्ट नगर में पार्किंग के साथ जल प्रदाय और निगम के वार्डों में गली-मोहल्ले में संचालित मटन दुकानों से जुड़े सवालों की जानकारी सदन को दी।

### जल प्रदाय अध्यक्ष को दो डिब्बा पानी देने के बाद आसंदी के सामने हंगामा

#### आसंदी के सामने ही लेट गए पार्षद

इसमें सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व महापौर अंबिका यदु ने हस्तपक्षेप किया। इससे सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच रार मच गया। इस बीच जल प्रदाय अध्यक्ष इकराम ने तेवर दिखाया, तो नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू के बीच नोक-झोक शुरू हो गई। सांसद प्रतिनिधि से गलत तरीके से बात करने के लिए माफी भी मांगने को लेकर नेता प्रतिपक्ष और पार्षद अड़ गए। विरोध के बीच एक पार्षद आसंदी के सामने ही लेट गए। इस बीच जल प्रदाय अध्यक्ष को विपक्षी पार्षदों ने दो डिब्बा पानी पहले गिफ्ट किया, बाद में उनके और महापौर के सामने गिराने के बाद जिंदाबाद-मुर्दाबाद के नारा लगाने लगे।



*एक नजर में बजट का मसौदा : महापौर ने 2025-26 की कुल अनुमानित आय 149 करोड़ 31 लाख 49 हजार बताने के साथ ही 149 करोड़ 21 लाख 78 हजार व्यय का ब्योरा देते हुए बजट को 9.70 लाख रूपए फायदे का होना बताया। इस बीच हंगामें का दौर भी चल रहा था।*

*इन नई सुविधा का किया घोषणा : 2025-26 के लिए तय बजट से पहले महापौर ने शनि मंदिर से कन्हेरा मोड़ तक बाईपास सड़क और बिरगांव नाला निर्माण के लिए 2500.00 लाख के प्रस्ताव को मंजूरी के लिए पेश किया। अछोली स्थित शीतला मंदिर से नाला तक सड़क चौड़ीकरण और नाली निर्माण के लिए 200.00 लाख के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया। बजट में इन नई सुविधा के अलावा निगम क्षेत्र के 40 वार्डों में निवास करने वाली करीब डेढ़ लाख की आबादी को बड़ी सौगात मिलने की घोषणा को लेकर लोगों की आस अधूरी रह गई।*

इसके बाद सभी सवालों का जवाब महापौर नंदलाल देवांगन ने दिया। इस बीच जैसे ही जल प्रदाय का मामला उछला नेता प्रतिपक्ष और जल प्रदाय अध्यक्ष इकराम अहमद के बीच तीखी नोक-झोक शुरू हो गई।

# मुख्यमंत्री साय से मिले निगम-मंडल के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में विभिन्न मंडल एवं निगमों के नवनियुक्त अध्यक्षों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने उन्हें उनके नवीन दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, छग खनिज विकास निगम अध्यक्ष सौरभ सिंह, छग मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन लिमिटेड अध्यक्ष दीपक महस्के एवं छग गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त होने पर सम्मान, दी विदाई

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर को सेवाएं देकर शनिवार को सेवानिवृत्त हुए जोन 6 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी संजीव शर्मा का जोन कार्यालय में श्रीफल, शाल, स्मृतिचिन्ह देकर सम्मान किया गया। जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल और कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा सहित जोन 6 के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्री शर्मा का सम्मान किया।

## बिजनेस साइट

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को सीजी रेरा से मिला आधिकारिक एम्पैनलमेंट पत्र



**रायपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने एक और उपलब्धि अपने नाम की है। बैंक को सीजी रेरा से आधिकारिक एम्पैनलमेंट पत्र प्राप्त हुआ है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि बैंक के एमडी और सीईओ के दूरदर्शी नेतृत्व, ईडी, महाप्रबंधक (संसाधन) के मार्गदर्शन और डीआईटी टीम के समर्पित प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने सीबीएस में आवश्यक परिवर्तन लागू किए।

गुरुवार को सीजी रेरा के अध्यक्ष संजय शुक्ला ने यह एम्पैनलमेंट पत्र बैंक के रायपुर अंचल प्रमुख बीआर रामाकृष्णा नायक को सौंपा। इस अवसर पर सीजी रेरा के सदस्य धनंजय देवांगन और रजिस्ट्रार आस्था राजपूत भी मौजूद थे। यह पत्र सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, रायपुर अंचल के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हुआ है। यह एम्पैनलमेंट बैंक के लिए कासा, रिटेल और वाणिज्यिक रीयल एस्टेट व्यवसाय में वृद्धि को गति देने का एक बड़ा अवसर लेकर आया है।

### राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ने नई टीम का किया गठन



**रायपुर।** द राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ ने अपनी नई कार्यकारिणी समिति का गठन कर दिया है, जो 2025-2026 के लिए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगी। इस नई टीम का नेतृत्व मुकेश जैन करेंगे, जिन्हें अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके साथ अनिल अग्रवाल महासचिव और सीए अमित अग्रवाल कोषाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगे। संरक्षक मंडल में प्रमोद अग्रवाल, शोभित बगड़िया, राजू अग्रवाल और अनूप गोयल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त प्रशांत शर्मा, उमेश जैन और आशु अग्रवाल कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में एसोसिएशन की नीतियों और निर्णयों में सहयोग करेंगे।

### सोने की कीमत में रिकॉर्ड बढ़ोतरी, सराफा बाजार में हलचल

**रायपुर।** पिछले कुछ दिनों से सोने की कीमत में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिससे सराफा बाजार में हलचल मच गई है। सोने के दाम अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच चुके हैं, जबकि चांदी ने भी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 1 लाख रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में भारत में सोने की कीमत 108156 रुपए तक पहुंच सकती है। रायपुर के सराफा व्यापारियों का कहना है कि सोने के बढ़ते दामों से ग्राहक असमंजस में हैं, लेकिन फिर भी शादी-ब्याह और अन्य आवश्यकताओं के कारण लोग सोने की खरीदारी कर रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार, बढ़ती कीमतों के कारण खरीदी गई सोने की मात्रा में कमी आ रही है। सराफा व्यापारियों का मानना है कि इस बढ़ोतरी के पीछे वैश्विक आर्थिक अस्थिरता एक महत्वपूर्ण कारण है।

विभिन्न देशों द्वारा एक-दूसरे पर लगाए जा रहे टैरिफ और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों से विदेशी अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है। सराफा व्यापारियों ने ग्राहकों से अपील की है कि वे सोने की कीमत के गिरने का इंतजार न करें, क्योंकि निकट भविष्य में दामों में और बढ़ोतरी की संभावना है। ऐसे में अगर कोई निवेश या आभूषण खरीदना चाहता है तो यह सही समय हो सकता है।

# पंचायत सचिवों की हड़ताल से सरपंचों का कार्यभार संभालना मुश्किल, कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- जिला मुख्यालय में आवेदन देकर सरपंचों ने मांगा ग्राम पंचायत का प्रभार

ग्राम पंचायतों में काम करने वाले पंचायत सचिवों की हड़ताल 18वें दिन भी जारी रही। पंचायत सचिव जिला मुख्यालयों में धरने पर बैठे गए हैं। इनकी प्रमुख मांग मोदी की गारंटी को पूरा किया जाना है। पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया गया था। इसे भाजपा ने अपने जनघोषणा पत्र में शामिल किया था। उनकी हड़ताल से सरपंचों का कार्यभार संभालना मुश्किल हो गया है।

वहीं, दूसरी ओर ग्राम पंचायत के सचिवों के हड़ताल में चले जाने से पंचायतों में कामकाज ठप है। ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। पीएम आवास, मनरेगा, पेंशन वितरण समेत पंचायतों के मूलभूत कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर 17 मार्च से विधानसभा घेराव रैली से शुरुआत करते हुए आज तक यह हड़ताल जारी है। नियमितीकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिव पूरे प्रदेश में हड़ताल पर हैं। पंचायत सचिवों के हड़ताल पर जाने के कारण सरकारी कामकाज पर इसका असर नजर आ रहा है। सरपंचों ने इस मामले को लेकर जिला मुख्यालय में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। उनकी मांग है कि पंचायत का संपूर्ण प्रभार हमें दिया जाए।

### 30 को जंतर मंतर में देंगे धरना

पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि 2 अप्रैल से सभी ब्लॉक मुख्यालय में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। 7 अप्रैल को जिला मुख्यालय में रैली ज्ञापन, 8 अप्रैल को ब्लॉक मुख्यालय में नगाड़ा बजाकर विरोध प्रदर्शन, 9 अप्रैल को ब्लॉक मुख्यालय धरना स्थल पर सद्बुद्धि हेतु रामायण, 10 अपैल को महावीर जयंती हड़ताल स्थल में मानना। 11 अप्रैल से क्रमिक भूख हड़ताल, 12अप्रैल हनुमान जयंती पर हनुमान चालीसा पाठ, 13 अप्रैल को क्रमिक भूख हड़ताल जारी रहेगा, 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयन्ती हड़ताल स्थल पर, 15 अप्रैल को क्रमिक हड़ताल के साथ सद्बुद्धि यज्ञ, 16 अप्रैल अनिश्चितकालीन हड़ताल में लगातार क्रमिक भूख हड़ताल, 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस एवं दिल्ली रवाना एवं 30 अप्रैल जंतर मंतर दिल्ली में हड़ताल।

# माता कौशल्या विहार में निकास नाली सीपेज सफाई की समस्या, लाइट भी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- रहवासियों ने प्राधिकरण के अधिकारियों को बताई परेशानी
- सीईओ कुंदन कुमार ने स्थल का किया दौरा

रायपुर विकास प्राधिकरण के कौशिल्या माता विहार आवासीय परिसर में निकास नाली, सीपेज और साफ-सफाई की समस्या है। यही नहीं, स्ट्रीट लाइट बंद होने से लोगों को परेशानी हो रही है। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंदन कुमार को स्थल निरीक्षण के दौरान कौशिल्या माता विहार के रहवासियों ने अपनी परेशानी बताई।

श्री कुमार ने मौके पर गये तकनीकी अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करें। निवासियों की मांग पर फ्लैट्स के पानी की पाइप लाइन में वाल्व लगाने की हिदायत भी उन्होंने दी। रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंदन कुमार ने कौशिल्या माता विहार क्षेत्र के अलग-अलग सेक्टरों में रवहां स्थिति का जायजा लेने गुरूवार को अधिकारियों के साथ दौरा किया। इस दौरान वे लोगों के फ्लैट्स भी गये। लोगों से पूछा कि कोई समस्या तो नहीं ? रहवासियों ने बताया कि उनके फ्लैट में सीपेज की समस्या है, नालियों की सफाई नियमित रूप से नहीं हो रही है। कुंदन कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन घरों में निर्माण की समस्याएं है, उसे ठेकेदार के माध्यम से सुधरवाने में तत्परता दिखायें। स्थल निरीक्षण के दौरान सेक्टर – 2 में निर्माणाधीन रो-हाऊस के 32 मकानों का भी अवलोकन किया गया। कार्य में देरी कारण उपस्थित ठेकेदार को फटकार लगाई। 18 अप्रैल तक मकानों का निर्माण कार्य पूर्ण करने लिखित सहमति ली गई। इस मौके पर प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता अनिल गुप्ता, एम.एस.पांडे, कार्यपालन अभियंता सुशील शर्मा, सहायक अभियंता विवेक सिन्हा, उप अभियंता कीर्ति केमरो, राकेश मनहरे, राजस्व अधिकारी ज्योति सिंह उपस्थित रहे।

### रजिस्ट्री नहीं कराने वालों के आवंटन होंगे निरस्त

कौशिल्या माता विहार योजना में जिन आवंटितों ने फ्लैट्स की संपूर्ण राशि जमा करा दी किन्तु रजिस्ट्री करवा कर कब्जा नहीं ले रहे हैं। ऐसे आवंटितियों के फ्लैट्स आवंटन निरस्त कर दिए जाएगें। ऐसे आवंटितियों को रजिस्ट्री करवाने के लिए पहले सूचना दी जाएगी। इसके बाद भी यदि वे रजिस्ट्री नहीं कराने पर आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा की जाएगी। फ्लैट्स बन जाने के बाद प्राधिकरण को ऐसे आवंटितियों के फ्लैट्स की देखरेख व सुरक्षा में अतिरिक्त व्यय करना पड़ रहा है जिससे प्राधिकरण को हर महीने अतिरिक्त आर्थिक बोझ सहना पड़ रहा है।

### राजस्व विभाग अध्यक्ष बागल ने ली बैठक

**रायपुर।** नगर निगम के राजस्व विभाग अध्यक्ष अवतार बागल ने महात्मा गाँधी सदन के सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में राजस्व उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा, राजस्व अधिकारी खीरसागर नायक, सभी सहायक राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति रही।

### असम में मिनीमाता स्मृति भवन का लोकार्पण राजधानी लौटे सतनामी प्रतिनिधि



**रायपुर।** अखिल असम सतनामी कल्याण परिषद के तत्वावधान में असम प्रांत के नगांव जिला स्थित चिकनीपथार में तीन दिवसीय 34वें केंद्रीय सतनामी अधिवेशन आयोजित हुआ, जहां असम प्रांत के दौलगांव में जन्मी छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद स्व. मिनीमाता के नाम से निर्मित प्रथम मिनीमाता स्मृति भवन का विधिवत लोकार्पण राजधानी से गए गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष केपी खण्डे ने पूजा-अर्चना, मंगल आरती के साथ रिबन काटते हुए श्रीफल तोड़कर किया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यकता है
हरिभूमि
छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
मार्केटिंग-एग्जीक्यूटिव
योग्यता - स्नातक, कम्प्यूटर का ज्ञान
अनुभवी को प्राथमिकता
संपर्क करें : 9522283349, 07714242252
inhnewshr@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, टिकरापारा पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)

# हरिभूमि लाइव


रायपुर, शुक्रवार 04 अप्रैल 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



04

गले की खास डिजाइन बढ़ा देगी...

## एजुकेशन अपडेट

### नए केंद्रों में आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन 15 अप्रैल तक




**रायपुर।** परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-2 के अंतर्गत 8 नवीन केंद्रों में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती की जानी है। आंगनबाड़ी सहायिका के लिए आवेदन 15 अप्रैल तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय भिलाई-2 नगर निगम भिलाई-चरोदा, भिलाई-3 में कार्यालयीन समय में सीधे अथवा पंजीकृत डाक द्वारा जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नही किए जाएंगे। नगर निगम भिलाई चरोदा के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 30 के आंगनबाड़ी केंद्र शिव चौक उरला, वार्ड क्रमांक 40 के आंगनबाड़ी केंद्र स्कूल पारा गनियारी, वार्ड क्रमांक 37 के आंगनबाड़ी केंद्र हरिजन मोहल्ला सिरसाकला, वार्ड क्रमांक 9 के आंगनबाड़ी केंद्र शीतलापारा भिलाई 3, वार्ड क्रमांक 6 के आंगनबाड़ी केंद्र हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी उमदा, वार्ड क्रमांक 2 के आंगनबाड़ी केंद्र बगीचापारा हथखोज, वार्ड क्रमांक 17 के आंगनबाड़ी केंद्र देवनगर जामुल और वार्ड क्रमांक 14 के आंगनबाड़ी केंद्र दीनदयाल अटल आवास जामुल में आंगनबाड़ी सहायिका के आवेदनपत्र आमंत्रित किए गए हैं।

#### आवेदन के लिए अर्हता

आवेदिका की आयु 18-44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। 1 वर्ष या अधिक सेवा अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता, सहायिका, सह सहायिका, संगठिता को आयुसीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। आवेदिका उसी वार्ड की स्थायी निवासी होनी चाहिए, जिस वार्ड में आंगनबाड़ी केंद्र स्थित है। निवासी होने के प्रमाण में वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज एवं नगरीय क्षेत्र होने पर संबंधित वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज हो तो आवेदन पत्र में उसके क्रमांक का उल्लेख कर प्रतिलिपि लगाई जाए अथवा वार्ड पार्षद अथवा पटवारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र, जिसमें वार्ड में निवासरत रहने का पता सहित स्पष्ट उल्लेख हो, मान्य किया जाएगा। आवेदिका की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं उत्तीर्ण होनी चाहिए।

● नीट में 30 दिन शेष... नीट यूजी 4 मई को, एक्सपर्ट्स ने बताया, एग्जाम से पहले खुद को कैसे करें तैयार

# 7 घंटे की नींद और 4 घंटे बैठने का करें अभ्यास
# एम्स के लिए बनाएं अंडर-600 स्कोर का लक्ष्य

“ देशभर में 25 लाख से अधिक अभ्यर्थी 4 मई को एम्स व मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस के एडमिशन के लिए नीट अर्थात नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट देंगे। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा 1 मई को नीट यूजी के लिए प्रवेशपत्र जारी किया जाएगा। पंजीकृत उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

**रायपुर।** एग्जाम में अब मात्र एक महीना ही बचा है। एग्जाम के आखिरी दिनों में सभी का पढ़ने का तरीका अलग होता है। हरिभूमि ने नीट एक्सपर्ट्स से बातचीत की और जानने का प्रयास किया कि नीट को लेकर आखिरी दिनों में किस तरह पढ़ाई करनी चाहिए, जिससे एग्जाम में स्टूडेंट्स मानसिक और शारीरिक रूप से बेहतर प्रदर्शन कर सकें।






### 4 घंटे बैठे रहने की करें प्रैक्टिस

एग्जाम में पढ़ाई के साथ-साथ एक जगह पर बैठे रहने का भी अभ्यास जरूरी है। एग्जाम में बचे कुछ दिनों तक एक ही जगह पर 4 घंटे बैठे रहने की प्रैक्टिस भी कर लें। इस दौरान आइसक्रीम और कोलड्रिंक्स से दूर रहें। यह इन दिनों तेजी से बीमार कर रहे हैं। मौसम बदल रहा है, ऐसे में ध्यान रखना है कि हैवी खाना न खाएं।

### 600 से अधिक रखें लक्ष्य

छत्तीसगढ़ में स्टेट कोटे के तहत पिछले साल जनरल कटऑफ 4257 रैंक तक गया था। ऐसे में स्टूडेंट्स अगर 600 से 650 के बीच में स्कोर करते हैं तो सरकारी मेडिकल कॉलेज मे एडमिशन आसानी से मिल पाता है। एम्स चाहिए तो स्टूडेंट्स को अंडर-600 स्कोर का टार्गेट बनाना होगा।




### पूरे वक्त पढ़ना और बिल्कुल नहीं पढ़ना, दोनों ही पैनिक होने के लक्षण

एक्सपर्ट्स का कहना है कि कई स्टूडेंट्स एग्जाम के कुछ दिनों पहले बिल्कुल पढ़ना ही छोड़ देते हैं, वहीं कुछ स्ट्रेस में दिन-रात पढ़ते ही रहते हैं। दोनों ही तरीके स्टूडेंट्स के पैनिक होने के संकेत हैं। नीट एक्सपर्ट योगेश सोनी ने बताया, कई स्टूडेंट्स पूरे सिलेबस की तैयारी में जुट जाते हैं, ऐसा नहीं करना है। स्टूडेंट्स को उन पुराने टॉपिक्स को उठाकर नहीं पढ़ना है, जो वे नहीं बना पाए थे। इसके बजाय बीते 10 दिन में जो मॉक टेस्ट आपने दिए हैं, उनमें जो सवाल गलत किए हैं, केवल उनकी थ्योरी को पढ़ें। ध्यान रहे कि सिर्फ सवाल से जुड़ी थ्योरी पढ़नी है, पूरा चैप्टर नहीं।

### नींद की साइकिल है महत्वपूर्ण

जो स्टूडेंट्स सालभर नीट की तैयार कर एग्जाम देने जा रहे हैं, वे इस बात का विशेष ध्यान दें कि कठिन चैप्टर को एग्जाम के एक दिन पहले या रात में पढ़कर न सोएं। नीट शिक्षक एसके यादव का कहना है कि दिमाग में सवाल को लेकर कन्फ्यूजन पैदा न करें। इससे एग्जाम से पहले और एग्जाम वाले दिन खुद को तनावमुक्त रख पाएंगे। खुद पर भरोसा करें कि आपने अब तक जो भी पढ़ा है, बस वही एग्जाम में पूछा जाएगा। कुछ भी नया या बहुत पुराना नहीं पढ़ें। 15 दिनों अपनी नींद की साइकिल सुधारें। टॉपर के लिए कम से कम 7 घंटे की नींद जरूरी है। इससे दिमाग के न्यूरॉन्स अच्छे से वर्क करेंगे। पेपर देते वक्त गलतियों से बचें।

## सिटी इवेंट

### सीबीएसई ने जारी की 10वीं-12वीं की नई डेटशीट, 7 से शुरू होगी परीक्षा

**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने उन छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा 2025 की तारीखों का ऐलान किया है, जिन्होंने मुख्य परीक्षा के दौरान खेल आयोजनों में भाग लिया था।

बोर्ड के नोटिस के अनुसार, कक्षा 10वीं की परीक्षा 7 से 11 अप्रैल तक होगी, जबकि कक्षा 12वीं की परीक्षा 11 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। कैंडिडेट्स पूरा एग्जाम शेड्यूल यहां चेक कर सकते हैं और उसी के अनुसार अपनी तैयारी शुरू कर सकते हैं। ऑफिशियल नोटिस में बोर्ड ने बताया है कि 2024-25 की मुख्य परीक्षाओं के दौरान




राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्रों के लिए विशेष परीक्षा का शेड्यूल तैयार कर लिया गया है।

कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 7 से 11 अप्रैल 2025 तक होंगी, जबकि कक्षा 12वीं की परीक्षा 11 अप्रैल 2025 को आयोजित की जाएगी।

# वेस्टर्न ब्राइडल लुक में बिखेरा फैशन का जलवा

*उड़ान जनसेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित वेस्टर्न ब्राइडल कॉम्पिटिशन में प्रदेशभर से युवाओं ने अपने फैशन का जलवा दिखाया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न राउंड्स में प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें युवाओं ने वेस्टर्न ड्रेस में रैंप वॉक किया और दर्शकों को अपनी आकर्षक प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध कर दिया।*

**रायपुर।** प्रतियोगिता के दौरान बिग बॉस 11 की विनर शिल्पा शिंदे ने भी प्रतिभागियों को फैशन के टिप्स दिए और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की तारीफ की। प्रतिभागियों ने शिल्पा के साथ रैम्प वॉक किया और दर्शकों का दिल जीता। इस इवेंट में युवाओं ने न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि फैशन की दुनिया में अपना नया आयाम स्थापित किया।

प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों ने महीने भर से रैंप वॉक में मेहनत की थी। यही वजह रही कि प्रतियोगिता में पूरे आत्मविश्वास के साथ वॉक किया।





### प्रदेशभर से युवाओं ने लिया हिस्सा

वेस्टर्न ब्राइडल कॉम्पिटिशन में प्रदेशभर से युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्लस साइज, मिस एंड मिसेज की तीन केटेगरी में फैशन शो हुआ, जिसमें 22 पार्टिसिपेंट्स ने हिस्सा लिया। देर रात तक चली प्रतियोगिता में विभिन्न राउंड्स आयोजित किए गए, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी ड्रेस, मेकअप लुक और रैंप वॉक के जरिए जजेस को प्रभावित किया। आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी प्रस्तुति दी। उनके आकर्षक रैंप वॉक ने दर्शकों और जजेस को खासा प्रभावित किया। इस इवेंट ने युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मौका प्रदान किया।

# छग में आर्थोप्लास्टी एसोसिएशन की स्थापना, इलाज में मिलेगी नई दिशा

**रायपुर।** देशभर में जोड़ों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। कूल्हे, घुटने, कंधे, कोहनी और कमर दर्द जैसी समस्याएं आम हो गई हैं, जिससे लोगों की जीवन गुणवत्ता पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ उन चुनिंदा राज्यों में से एक है, जहाँ आर्थोप्लास्टी (जोड़ प्रत्यारोपण) चिकित्सा में एक नया आयाम स्थापित किया गया है। यहां के प्रमुख आर्थोप्लास्टी विशेषज्ञों ने मिलकर छत्तीसगढ़ आर्थोप्लास्टी एसोसिएशन का गठन किया है। इस एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य जोड़ों के दर्द और अन्य संबंधित समस्याओं के इलाज के लिए अत्याधुनिक तकनीकों और कृतिम जोड़ों के प्रत्यारोपण को प्रैक्टिस में लाना और युवा आर्थोप्लास्टी सर्जन्स को मार्गदर्शन प्रदान करना है। एसोसिएशन की स्थापना के अवसर पर हीरानंदानी हॉस्पिटल के जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन और इंडियन आर्थोप्लास्टी एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. संजीव जैन, और अपोलो हॉस्पिटल, भुवनेश्वर के आर्थोप्लास्टी सर्जन एवं इंडियन आर्थोप्लास्टी एसोसिएशन के सचिव डॉ. देबब्रत पाधी भी उपस्थित थे। इन्होंने छत्तीसगढ़ आर्थोप्लास्टी एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और इस दिशा में उनके योगदान की सराहना की।

**जोड़ प्रत्यारोपण चिकित्सा में एक नया आयाम**

#### अनुभव साझा किए

शपथ ग्रहणकर्ताओं में अध्यक्ष डॉ. अलोक सी. अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ. सुशील शर्मा, सचिव डॉ. जयवर्धन सिंह, संयुक्त सचिव डॉ. प्रीतम अग्रवाल और कोषाध्यक्ष डॉ. हर्षल सांकले एवं एक्जिक्यूटिव बॉडी मेम्बर डॉ अंकुर सिंघल, डॉ सुमित राजशेखर, डॉ अंकित गर, डॉ समीर मित्तल शामिल थे। इन्होनें अपने व्याख्यानों द्वारा राज्य में आर्थोप्लास्टी एसोसिएशन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, इलाज की नई प्रक्रियाओं के बारे में बताया और अपने अनुभव साझा किए।



कार्नर न्यूज

## 70 प्रतिभागियों ने स्टेज पर दिखाया हुनर

# कथक-ओडिसी नृत्य से बांधा समां

## स्टेज पर गेस्ट ऑर्टिस्ट ने जमाया रंग

*रायपुर। शहर के गांधी मैदान स्थित रंग मंदिर ऑडिटोरियम में नृत्य की विधा से जुड़े उभरते कलाकारों को मंच देने का सिलसिला दूसरे दिन संगीत कला अकाडमी की डायरेक्टर संगीता काप्से ने जारी रखा। इस नटरंग फेस्टिवल में रंग जमाने और अपनी नृत्य विधा को परखने के लिए नृत्य की विधा में रमने वाले 70 से अधिक प्रतिभागियों ने गुरुवार को भी स्टेज साझा किया। किसी ने सिंगिंग किया तो ज्यादातर प्रतिभागी नृत्य के लिए पहुंचे थे। सुबह 9 से रात 9 बजे के बीच एक-एक कर नागपुर, ओडिशा सहित छत्तीसगढ़ के बड़े शहरों से प्रतिभागी पहुंचे। प्रतिभागियों को मंच से जोड़ने का दायित्व नटरंग का संचालन करते हुए ऐश्वर्या काप्से ने निभाया।*

**नवरंग अवार्ड के लिए 4 प्रतिभागी तय :** सजाए गए स्टेज पर क्लासिकल नृत्य को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। इस श्रृंखला में डॉ. राखी राय और तरुण शर्मा ने बतौर निर्णायक दिनभर में दी गई हर प्रस्तुति के साथ ही भाव-भंगिमाओं को देख सिद्धार्थ शर्मा, निश्का अनंत, श्रेणाक्षी जग्गा और नारायणी का चयन नवरंग अवार्ड के लिए किया है। इस कड़ी में चुने गए प्रतिभागियों ने दो बाल प्रतिभागी भी शामिल हैं। इस रंगारंग प्रस्तुति के बीच शुक्रवार को भी कला पारखी की मौजूदगी में नृत्य की अलग-अलग विधा में प्रस्तुति दी जाएगी।



### गेस्ट ऑर्टिस्टों ने कला की छाप छोड़ी

अकादमी की डायरेक्टर ने बताया कि गुरुवार को ओडिसी, कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम और कथक नृत्य का प्रदर्शन होगा। इस विधा को गेस्ट ऑर्टिस्ट के रूप में दर्शकों के बीच आर्या नान्दे ने ओडिसी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देते हुए हर किसी का मन मोह लिया। वहीं दूसरे गेस्ट ऑर्टिस्ट के रूप में विभूति परगनिहा ने कथक पेश किया। 6 अप्रैल तक चलने वाले इस फेस्टिवल में गुरुवार को गेस्ट के रूप में छालीवुड अभिनेता एवं बिजनेशमेन योगेश अग्रवाल भी पहुंचे। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए युवाओं के लिए इसे कारगर बताया।




## समाज लाइव

## जैतूसाव मठ में रामनवमी की तैयारी शुरू, महाप्रसादी में मिलेगा मालपुआ



**रायपुर।** प्रत्येक वर्ष रामनवमी के अवसर पर भगवान राम को मालपुआ का विशेष भोग अर्पित किया जाता है, जिसकी तैयारी मंदिरों में जन्मोत्सव से पहले ही शुरू कर दी गई। इस वर्ष जैतूसाव मठ में 11 क्विंटल मालपुआ का महाप्रसाद तैयार किया जा रहा है, गुरुवार को मठ की रसोई में मालपुआ बनना शुरू हो चुका है। शहर के सभी राम मंदिरों में 6 अप्रैल को श्रीराम जन्मोत्सव की रौनक देखने को मिलेगी, जहां भक्तों की भीड़ भगवान के जन्मोत्सव में शामिल होगी। मठ के पुजारी सुमित तिवारी ने बताया कि 11 क्विंटल मालपुआ प्रसादी निरंतर तीन दिनों तक बनाया जाएगा, जिसका वितरण 7 अप्रैल को किया जाएगा। मठ में राजभोग शुद्ध घी में बनाया जा रहा है।

### 7 को मालपुआ भोग का वितरण

श्रीराम जन्मोत्सव से पहले मठ में रंगरोगन का कार्य शुरू हो गया है, मठ के रसोई कक्ष में विशेष भोग तैयार किया जा रहा है। रामनवमी को दोपहर 12 बजे भव्य श्रृंगार और महाआरती का आयोजन किया जा रहा है, इसमें भगवान राम का स्वर्ण श्रृंगार आकर्षण का केंद्र रहेगा। जन्मोत्सव के दौरान फूलों की वर्षा होगी, मठ में ढोल-बाजे के साथ भगवान का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

## महाराष्ट्र मंडल व रंगभूमि ने संयुक्त प्रयास से रंगमंच दिवस पर की अनोखी पहल

# रंगकर्मियों ने काव्यधारा को भाव-भंगिमाओं और गीतों के साथ संवादों से किया जीवंत, अनुभूति में रमे दर्शक

नाटक का मंचन आकर्षक साज-सज्जा वाले मंच और रोशनी की चकाचौंध ही नहीं, एकल के साथ ही समूह में रंगकर्मियों द्वारा भाव-भंगिमाओं और बोलने के अनोखे अंदाज से जीवंत करने का प्रयास किया गया। इसमें जाने-माने कवियों की रचनाओं के पीछे निहित भाव को एक्टिंग और संवाद के जरिए पेश करने का प्रयास किया। इसे सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में बतौर दर्शक रचनाकारों व साहित्यकारों ने भी अनुभूति को सराहा।

**रायपुर।** हिंदी रंगमंच दिवस के इस अवसर को खास बनाने के लिए महाराष्ट्र मंडल और रंगभूमि रायपुर ने संयुक्त प्रयास किया। इनकी पहल पर 20 रंगकर्मियों में से 16 ने अलग-अलग कवियों की रचनाओं को शब्दों, भावों और गीतों से जीवंत करने का प्रयास किया। गुरुवार की रात पहली बार शीतला प्रसाद त्रिपाठी कृत हिंदी नाटक 'जानकी मंगल' का मंचन किया गया। इसमें जानकी के मनोभाव और संघर्ष से जुड़ी धारा हाव-भाव के रूप में दर्शकों के सामने आई। रामचंद्र शुक्ल ने हिंदी साहित्य के इतिहास में पहली बार इस नाटक के मंचन के बाद प्रामाणिक तौर पर पुष्ट किया। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए महाराष्ट्र मंडल व रंगभूमि ने आयोजन को लेकर तैयारी की। नाट्य मंचन की सराहना दर्शकों ने की।





### इन कलाकारों ने भावों से पेश की

रंग भाव से सजी अनुभूति का अगले क्रम में कैकेयी के राम-सुधीर श्रीवास्तव, स्मृति सुमन- सुनो गांधारी, श्रुति कुशवाहा- प्रेमिका, अंतिम यात्रा डॉट कॉम- कुमार जगदलवी की कविताओं को कलाकारों ने भावों से जीवंत किया। थोड़ी धरती पाऊं- सर्वेश्वर दयाल सक्सेना, साधो! ये मुर्दों का गांव- डॉ. लक्ष्मीकांत पंडा, स्त्री हूं - डॉ. अनुराधा दुबे की कविताओं को भी मंच पर पेश किया गया। लोकेश साहू, सुषमा गायकवाड़, रंजना ध्रुव, अक्षरा मातुरकर, चंचल ध्रुव, सैयद आलीमन अली, आकाश वरठी- प्रभात साहू (संयुक्त), यमन साहू, टीम रंगभूमि ने प्रस्तुति दी।



### कविता के भाव किए प्रदर्शित

इस आयोजन को रंगमंच से जुड़े कलाकारों ने मंच पर भाव दिखाए। आमतौर पर कविता सुनने के बाद उसे महसूस किया जाता है, लेकिन इसमें कलाकारों ने कवियों की भावनाओं को हाव-भाव, गीतों के जरिए पेश करने का प्रयास किया। व्यवस्था पर टीम रंगभूमि के नीरज सिंह ठाकुर, नितीश यादव, जयप्रकाश साहू, ध्रुव गांधी, कुणाल मुखर्जी, भूपेंद्र कुमार मुस्तैद रहे। इस आयोजन की परिकल्पना और निर्देशन आचार्य रंजन मोड़क ने किया है। इनके प्रयास से प्रकाश खांडेकर को रंग पुरोधा से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले,नाट्य मंडल के सदस्य अरूण भावे मौजूद थे।

### पेश किए कला के कई रूप

कलाकारों के अनुभूति शीर्षक से सजे इस आयोजन में देश-प्रदेश के चर्चित साहित्यकारों की कविताओं को एवं युवा कवियों की रचनाओं को कला के विभिन्न रूपों में प्रस्तुत किया। वरिष्ठ रंग साधक प्रकाश खांडेकर का सम्मान किया गया। रायपुर के रंग साधक एवं महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले के साथ ही रंग साधिका नूतन रिजवी, अरूण भावे के साथ ही रंग समीक्षक इस आयोजन का हिस्सा बने। वैसे तो हरे भरे पेड़- विनोद कुमार शुक्ल, आ गए तुम- निधि सक्सेना, दाई अऊ बेटा- सीमा श्रीवास्तव की रचनाओं को रंगकर्मियों ने भावों से जीवंत किया।

## सिटी लाइव

## एमपीएल में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, मुकाबलों ने बढ़ाया उत्साह



**रायपुर।** मैग्नेटो मॉल में चल रहे मैग्नेटो प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का पांचवा दिन बेहद रोमांचक रहा। खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों को खूब मनोरंजन किया और खेल प्रेमियों के बीच उत्साह चरम पर रहा। पहले मुकाबले में आरियांज और वेल्थू के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली, जिसमें युग को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, दिन के दूसरे मुकाबले में सीएसएस और इनफिनिटी के बीच जबरदस्त खेल हुआ, जिसमें गुरदीप मैन ऑफ द मैच बने।

### खिलाड़ियों और दर्शकों में जबरदस्त जोश

टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का जोश और दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा है। हर मैच के साथ खेल प्रेमियों की दिलचस्पी और बढ़ती जा रही है। आगामी मुकाबलों को लेकर दर्शकों में खासा रोमांच बना हुआ है।इस टूर्नामेंट में विजेता टीम को 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार मिलेगा, जबकि उपविजेता टीम को 50,000 रुपए ईनाम राशि दी जाएगी। यह प्रतियोगिता करीब 1 से 1.5 महीने तक चलेगी, जिसमें क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। टूर्नामेंट हर दिन नए रोमांच और शानदार खेल का गवाह बन रहा है। आगामी मैचों में और भी कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी, जिससे खेल प्रेमियों का उत्साह और भी बढ़ेगा

## समर्पण सखी महिला मंडल की ओर से चार दिवसीय जैन ट्रेड फेयर

# जैन महिलाओं को मिला स्वावलंबन का मंच, उद्यमी बनने की राह हुई आसान

**रायपुर।** दादाबाड़ी में समर्पण सखी महिला मंडल की ओर से चार दिवसीय जैन ट्रेड फेयर स्वाभिमान से स्वावलंबन की ओर का 1 से 4 अप्रैल तक दादाबाड़ी में आयोजन किया जा रहा है। ट्रेड फेयर में महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पण सखी महिला मंडल की ओर से एक बड़ी पहल की गई है। भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव के दौरान उन्हें स्वाभिमान से स्वालंबन तक कार्यक्रम के तहत एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराया है जहां वे हैंडमेड आइटम्स बनाकर उन्हें बेच रही हैं और सुनाओ स्वावलंबी बनने की राह पर चल रही हैं। दादाबाड़ी में आयोजित जैन ट्रेड फेयर में महिलाओं ने तरह-तरह के स्टाल लगाए हैं। इन स्टॉल्स में उन्होंने ग्रीष्म ऋतु के अनुकूल कॉटन के कपड़े, घर पर बने साबुन, घर पर बने मिक्चर सेव, पापड़, हाथ से बनाए गए चूड़ी, कंगन, पेंडेंट आदि की प्रदर्शनी लगाई है। स्टॉल से होने वाले इनकम को महिलाएं डोनेट कर रही हैं। कुछ महिलाएं अपना आंशिक लाभ दान कर रही हैं तो कुछ ट्रेड फेयर से अर्जित सारा लाभ दान करने का संकल्प ले चुकी हैं।



### तंबोला में लिया हिस्सा

जैन ट्रेड फेयर के तीसरे दिन गुरुवार को द ग्रेट तंबोला का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं ट्रेड फेयर के अंतिम दिन 4 अप्रैल को दोपहर 3 बजे वीर कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा। जैन ट्रेड फेयर की प्रभारी संस्था समर्पण-सखी महिला मंडल है।

### शिविर में 30 मरीजों का परीक्षण

महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के दौरान कई सामाजिक पहल की गईं, जिनमें मुख्य रूप से चार दिवसीय निशुल्क फिजियोथैरेपी शिविर का आयोजन डॉ. दीपक जैन के मार्गदर्शन में निशुल्क जांच और परामर्श 1 से 4 अप्रैल को सुबह 11 बजे से रात 8 तक किया जा रहा है। शिविर में पिछले तीन दिनों में 30 लोगों की जांच कर उन्हें परामर्श दिया गया। शिविर में कमरदर्द, गर्दन दर्द, घुटनों का दर्द, स्लिप डिस्क दर्द, सायटिका, कन्धों का दर्द, मांसपेशियों का दर्द, कोहनी का दर्द, एड़ी का दर्द, घुटने बदलने के बाद का दर्द, पोलियो मैलाइटिस, अर्थराइटिस, चेहरे का लकवा, लकवे का इलाज, फ्रैक्चर एवं ऑपरेशन के बाद जोड़ों का जाम होना, प्रेगनेंसी संबंधित दर्द, यूरीन लीकेज की समस्या, हिस्टेरेक्टॉमी, एएनसी/पीएनसी की जांच और परामर्श दिया जा रहा है।

## श्रीराम जन्मोत्सव के पहले निभाई गई माता कौशल्या की गोदभराई रस्म



**रायपुर।** तात्यापारा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में रामनवमी से पहले माता कौशल्या की गोदभराई की रस्म हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में गोदभराई रस्म मराठी रीति-रिवाज के साथ पूर्ण की गई, जहां महाराष्ट्र मंडल की महिलाएं मिलकर सामूहिक रूप से उत्सव में शामिल हुईं। मंदिर समिति की सदस्य नमिता शेष ने बताया कि रामनवमी पर श्रीराम जन्मोत्सव के पहले यह परंपरा निभाई जाती है। इसमें अभिषेक, श्रृंगार एवं 15-20 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाता है। महोत्सव अवसर पर महिलाओं ने डोहाल (गोदभराई) के मराठी गीत किए।

### शत्रुघ्न की पत्नी श्रुतिकृति की व्याख्या

नवरात्रि के शुभ अवसर पर महाराष्ट्र मंडल द्वारा रामायण चरित्र पर व्याख्यान का आयोजन किया गया है, जहां रोजाना रामायण के विभिन्न पात्रों के चरित्र की व्याख्या की जाती है। गुरुवार को छत्रपति सभागृह में रामायण की पात्र श्रुतिकृति की व्याख्या की गई, कहा, श्रुतिकृति अपने पति शत्रुघ्न की तरह पर्दे के पीछे रहकर अनेक कार्य कुशलता से करती थीं। वे शस्त्रविद्या और शास्त्रविद्या में निपुण थीं, चारों बहनों में सबसे छोटी श्रुतिकृति बचपन से ही अपनी उम्र से अधिक परिपक्व, दूरदर्शी, सहनशील और समर्पण की भावना से ओतप्रोत रहीं। प्रभु राम के वनागमन के बाद शत्रुघ्न और श्रुतिकृति ने पारिवारिक और प्रशासनिक जिम्मेदारियों का कुशलता से निर्वहन किया। उन्होंने सभी राजपुत्रों को शास्त्र, शस्त्र शिक्षा में दक्ष करने के अलावा राजकार्य की शिक्षा भी दी।

# नाग-नागिन करते थे मंदिर की रक्षा पीढ़ियों से ग्रामदेवी के रूप में माता की पूजा

नवरात्रि विशेष

**रायपुर।** ग्रामदेवी के रूप में ख्यातिप्राप्त माता शीतला के मंदिर शहर में कई जगह स्थापित हैं। सभी मंदिरों की एक विशेष मान्यता है। महादेवघाट रोड स्थित जगत जननी मां शीतला माता मंदिर 300-400 साल प्राचीन है, मान्यता के अनुसार अनेक पीढ़ियों से मां का मंदिर यथास्थान पर स्थित है। मंदिर समिति के सदस्य दिनेश साहू ने बताया कि 5-6 पीढ़ियों से अधिक प्राचीन मां शीतला का मंदिर है। प्राचीनकाल में मां का मंदिर खप्पर का हुआ करता था, जिसकी रक्षा स्वयं नाग-नागिन की जोड़ी करती थी।

### अष्टमी तिथि को सुबह 8 बजे हवन-पूजन

इस वर्ष नवरात्रि पर 260 से अधिक ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गई हैं, षष्ठी पूजा में मां के सोलह श्रृंगार स्वरूप के दर्शन श्रद्धालुओं ने किए। अष्टमी तिथि को सुबह 8 बजे हवन पूजन प्रारंभ हो जाएगा, मुख्य देवी कलश रात्रि 12 बजे के बाद गुप्त रूप से विसर्जन किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष ग्रामदेवी के मुख्य ज्योति-जंवारा विसर्जन के बाद ही घर जंवारा और अन्य देवी मंदिरों के ज्योति कलश मंदिर स्थित तालाब में विसर्जित किए जाते हैं।



***मां कंकाली और मां शीतला की प्रतिमा :*** *मंदिर के पंडा ने बताया, मां शीतला की उत्पत्ति नीम पेड़ से हुई है, जिसके बाद ग्रामीणों ने माता का मंदिर बनाकर पूजना शुरू किया। मान्यता प्राप्त मंदिर नगरवासियों के लिए वरदान से कम नहीं है, कहा जाता है कि यहां माता से मांगी गई सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मंदिर में माता शीतला और मां कंकाली की प्रतिमा विराजमान है। नवरात्रि के अवसर पर घर व मंदिर का मुख्य खप्पर ज्योत मां कंकाली को अर्पित की जाती है।*

### कुलदेवी के रूप में मां शीतला विराजमान

ऐतिहासिक देवी मंदिर का निर्माण समय आज भी रहस्य से भरा हुआ है, शहर के लोग माता शीतला को कुलदेवी के रूप में पूजते हैं। मंदिर का गर्भगृह सालों पुराना है, जिसमें मां शीतला के दो स्वरूपों का वर्णन किया गया है। गधे पर सवार मां शीतला की मूर्ति 100 साल से अधिक प्राचीन है, साथ ही 3-4 सौ ऐतिहासिक प्रतिमाएं भी गर्भगृह में विराजमान हैं। मंदिर के सदस्यों अनुसार मंदिर में देवी मां स्वयं विराजमान हैं, जो लोगों की मनोकामना पूर्ण करने के लिए प्रख्यात हैं।



## सिटी स्पोर्ट्स

### मेन्स एलिट ग्रुप क्रिकेट में बिलासपुर और भिलाई आगे



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दर्शकों को रोमांचकारी खेल देखने का मौका मिल रहा है।

**बिलासपुर की महासमुंद पर बढ़त :** बिलासपुर का मुकाबला आरडीसीए मैदान में महासमुंद के मध्य जारी है। बिलासपुर ने टॉस जीतकर का पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। महासमुंद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 71.01 ओवर में 256 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। महासमुंद की शुरुआत अच्छी नहीं रही और जीरो रन पर ही उनके दो विकेट गिर गए परंतु शशांक चंद्राकर और चंद्रकांत देवांगन के मध्य हुई साझेदारी के बदौलत 222 रन तक स्कोर को लेकर गए उसके पश्चात बिलासपुर की गेंदबाजों ने वापसी करते हुए मात्र 34 रन पर अंतिम के 7 विकेट झटक लिए।

महासमुंद की ओर से बल्लेबाजी करते हुए कप्तान शशांक चंद्राकर ने शानदार 117 रनों का योगदान दिया और चंद्रकांत देवांगन ने 52 और कृतेश साहू ने 49 बनाये। बिलासपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए मयंक यादव और मोहम्मद इरफान ने तीन-तीन विकेट प्राप्त किये, स्नेहल चड्ढा को दो विकेट मिले।

बिलासपुर ने अपनी पहली पारी खेलते हुए पहले दिन का खेल खत्म होते तक बिना विकेट खोए 68 रन बना लिए थे। आज दूसरे दिन बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर ने 7 विकेट खोकर 96 ओवर में 420 बना लिए हैं। जिसमें बिलासपुर के विकेट कीपर पवन परनाते ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 153 गेंद में 110 रनों की महत्वपूर्ण योगदान दिया इसके अलावा अभिषेक सोहगौरा ने 91 रन, मोहम्मद इरफान ने 54 रन, अभिजीत ताह ने 75 रन और आशीष पांडे ने 51 रनों का योगदान दिया। मयंक यादव 21 रन पर एवं अतुल शर्मा दो रन पर नाबाद खेल रहे हैं ।

महासमुंद की ओर से गेंदबाजी करते हुए सुधांशु वर्मा ने तीन विकेट और शशांक चंद्राकर ने दो विकेट प्राप्त किए हैं। अब तक बिलासपुर ने महासमुंद से 164 रनों की बढ़त बना लिए है। मैच के निर्णायक पंकज नायडू और हरप्रीत सिंह है। स्कोरर मनोज तिवारी और ऑब्जर्वर नवीन श्रीवास्तव है। बिलासपुर टीम के कोच शैलेश सैमुएल और मोईन मिर्जा है।

**बिलासपुर ब्लू के विरुद्ध भिलाई को बढ़त:** बिलासपुर ब्लू अपना अंतिम मैच राजनांदगांव के दिग्विजय स्टेडियम में भिलाई के विरुद्ध खेलने उतरी है। जिसमें बिलासपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 51.1 ओवर में 157 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। बिलासपुर ब्लू से बल्लेबाजी करते हुए रोहित नेतानी नाबाद 47 रन और सनी पांडे ने 37 रनों का योगदान दिया। भिलाई की ओर से गेंदबाजी करते हुए आनंद राव और शुभम सिंह ने तीन-तीन विकेट प्राप्त किए चिन्मय विश्वकर्मा को दो विकेट मिले। इसके पश्चात भिलाई ने अपनी पहली पारी खेलते हुए पहले दिन का खेल खत्म होते तक बिना किसी विकेट को 102 रन बना लिए थे। दूसरे दिन का खेल खेलते हुए भिलाई ने दूसरे दिन का खेल खत्म होते तक 106 ओवर में चार विकेट खोकर 395 बना लिए हैं।

जिसमें प्रारंभिक बल्लेबाज गर्व कुमार सिंह 107 रन, मयंक वर्मा ने 65 रनों का योगदान दिया और दिन के समाप्ति तक साहिल रजत शरीफ ने 122 रन पर नाबाद और शुभम सिंह ने नाबाद 43 रन पर नाबाद खेल रहे हैं।

बिलासपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रवीण कुमार यादव ने दो विकेट, श्रेयम सुंदरम ने एक विकेट और उपेंद्र कुमार यादव को एक विकेट प्राप्त हुए हैं। भिलाई ने अब तक पहली पारी में 238 रनों की बढ़त बना लिए है. मैच के निर्णायक आशुतोष जाधव और मनोज सिंह है। स्कोर महेश दत्त मिश्रा और ऑब्जर्वर अजय तिवारी हैं। बिलासपुर ब्लू टीम के कोच सुशांत शुक्ला है। यह सभी जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल के द्वारा दिया गया.

### रविशंकर विवि की पावरलिफ्टिंग टीम ऑल इंडिया स्पर्धा के लिए रवाना



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की पावरलिफ्टिंग टीम ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में भाग ले रही है। यह प्रतियोगिता 4 से 7 अप्रैल तक कश्मीर विश्वविद्यालय, हजरतबल, श्रीनगर में आयोजित है। विश्वविद्यालय की टीम में महिला टीमः दुर्गा चंद्रवंशी, चेतना सिंह, कुसुम जले, देवकी साहू, आस्था झा, लक्ष्मी, पलक सोनी।पुरुष टीमः प्रियांशु बंजारा, हेमंत कुमार, कौशल सिन्हा, बी. अनीश कुमार, दिव्यांश महाजन और वेंकटेश्वर साहू शामिल हैं। टीम का नेतृत्व प्रबंधक राहुल कुमार पासवान और कोच शीतल टोपनो कर रहे हैं।

### जानिए ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम और हार्ट अटैक में अंतर

# नौजवानों में तेजी से पांव पसार रहा ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम बिल्कुल हार्ट अटैक जैसे इसके लक्षण से सचेत रहना जरूरी

ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम के लक्षण हार्ट अटैक जैसे होते हैं, इसलिए अक्सर लोगों को लग सकता है कि ये हार्ट अटैक है। दोनों ही स्थितियों में सांस फूलने और सीने में दर्द भी होता है। फिर इन दोनों में कैसे अंतर किया जा सकता है? हृदय रोगों की समस्याएं सभी उम्र के लोगों में बढ़ती हुई देखी जा रही हैं, बच्चे भी इसका शिकार हो रहे हैं। हार्ट अटैक-हार्ट फेलियर जैसी दिक्कतों के बारे में तो हम सभी अक्सर सुनते-पढ़ते रहते हैं पर क्या आप ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम के बारे में जानते हैं? हाल के वर्षों में युवाओं में ये दिक्कत काफी तेजी से बढ़ी है। ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम भी क्या हृदय से संबंधित कोई दिक्कत है या फिर कुछ और, आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम आमतौर पर तनावपूर्ण स्थितियों और भावनाओं के उतार-चढ़ाव के कारण होती है। इसमें लोगों को अचानक सीने में दर्द हो सकता है या ऐसा लगता है जैसे हार्ट अटैक हुआ है। ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम को स्ट्रेस कार्डियोमायोपैथी या ताकोत्सुबो कार्डियोमायोपैथी के नाम से भी जाना जाता है। ये दिक्कत होती क्यों है और इससे कैसे बचाव किया जा सकता है, आइए जानते हैं।



### ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम के बारे में जानिए

ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम क्यों होता है अब तक इसके सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है। हालांकि माना जाता है कि कुछ स्थितियां जिनके कारण आपको गंभीर रूप से भावनात्मक क्षति होती है वे इसे बढ़ाने वाली हो सकती हैं। उदाहरण के लिए तलाक, कार दुर्घटना या नौकरी छूटने जैसी तनावपूर्ण घटनाएं इसका कारण बन सकती हैं।

### हार्ट अटैक की तरह होते हैं इसके लक्षण

ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम के लक्षण हार्ट अटैक से मिलते-जुलते होते हैं, यही कारण है आमतौर पर इसे हार्ट अटैक ही मान लिया जाता है। इसमें सीने में तेज दर्द हो सकता है, सांस फूलने या बेहोशी की समस्या हो सकती है। धड़कनें अनियमित या तेज हो सकती हैं। इसके साथ हाई ब्लड प्रेशर या लो ब्लड प्रेशर जैसे लक्षण भी नजर आ सकते हैं। अगर आपके जीवन में कोई तनावपूर्ण घटना हुई है तो ये ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम को बढ़ा सकती है। असल में तनाव की स्थिति में स्ट्रेस हार्मोन का स्त्राव होता है जिससे आपके हृदय की मांसपेशियां अस्थायी रूप से अचेत हो सकती हैं, यही कारण है कि ये दिल के दौरे जैसा लगता है।



### ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम और हार्ट अटैक में क्या अंतर है?

अब सवाल उठता है कि जब ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम के लक्षण हार्ट अटैक जैसे होते हैं तो इन दोनों में क्या अंतर है? चूंकि ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम के लक्षण हार्ट अटैक जैसे होते हैं, इसलिए अक्सर लोगों को लग सकता है कि ये हार्ट अटैक है। दोनों ही स्थितियों में सांस फूलने और सीने में दर्द



भी होता है। लेकिन ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम में आपकी धमनियां अवरुद्ध नहीं होती हैं और आमतौर पर हृदय को कोई क्षति नहीं होती है। वहीं हार्ट अटैक तब होता है जब आपकी कोरोनरी आर्टरी ब्लॉक हो जाती हैं जिससे हृदय तक रक्त का संचार ठीक तरीके से नहीं हो पाता।

### ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम का इलाज

ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम का कोई विशिष्ट इलाज नहीं है, लेकिन अधिकांश लोग दवा लेने के बाद पूरी तरह ठीक हो जाते हैं। हालांकि गंभीर बात ये है कि चूंकि इसके लक्षण हार्ट अटैक जैसे होते हैं और घर पर ये पता नहीं लगाया जा सकता है कि आपको हार्ट अटैक हुआ है या ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम, इसलिए समय रहते सही निदान के लिए डॉक्टर से जरूर मिलें।

# घर की खूबसूरती के साथ, भीषण गर्मी में भी घर में ठंडक बनाए रखेंगे ये पौधे



दुनिया में कई प्रकार के पौधे पाए जाते हैं, लेकिन क्या आप जानते है उनमे से कुछ पौधे ऐसे होते हैं, जिनको घर के अंदर लगाने से आप गर्मी के दिनों में अपने घर को ठंडा रख सकते हैं।

### स्नेक प्लांट

स्नेक प्लांट को 'नेचुरल एयर प्यूरिफायर' भी कहा जाता है। यह पौधा हवा को नम और ठंडा रखने में मदद करने के साथ घर के अंदर की वायु शुद्ध कर तनाव को भी कम करता है। गर्मी के दिनों में अगर आप अपने घर को ठंडा रखना चाहते हैं, तो आप अपने घर में स्नेक प्लांट लगा सकते हैं।

### रबर प्लांट

रबर प्लांट का पौधा भी एक अच्छा एयर प्यूरीफायर है। यह पौधा वातावरण में तापमान को कम करने के साथ ऑक्सीजन को भी बढ़ाता है। रबर प्लांट घर के अंदर की हवा को शुद्ध करने के साथ घर की सुंदरता को भी बनाए रखता है।

### एरेका पाम

एरेका पाम एक खूबसूरत इनडोर प्लांट में से एक है। यह पौधा हवा में मौजूद कार्बन मोनोऑक्साइड, फॉर्मैल्डिहाइड, और अन्य हानिकारक तत्वों को सोख लेता है, जिससे हवा शुद्ध होती है और घर में ठंडक बनी रहती है।

### एलोवेरा प्लांट

औषधीय गुणों से भरपूर एलोवेरा प्लांट गर्मी के दिनों में हवा को शुद्ध करने के साथ घर को ठंडा करने का काम भी करता है। एलोवेरा हमारे शरीर के लिए भी कई तरह से फायदेमंद होता है, जैसे त्वचा को नमी प्रदान करना, बालों को मजबूत बनाना, पाचन में सुधार करना आदि।

### मनी प्लांट

मनी प्लांट का पौधा एयर फिल्टर का भी काम करता है। यह हमारे आसपास के वातावरण को ठंडा करने के साथ घर की खूबसूरती को भी बढ़ाता है। गर्मी के दिनों में आप अपने घर को ठंडा रखना के लिए मनी प्लांट भी लगा सकते हैं।

# बच्चों को इस विधि से बनाकर खिलाएं हेल्दी नूडल्स, बाजार वाले का स्वाद भूल जाएंगे

नूडल्स एक ऐसी डिश है, जिसे बच्चे से लेकर बड़े तक खूब चाव से खाते हैं लेकिन ये काफी अनहेल्दी होती है। इसी के चलते हम आपको आज हेल्दी नूडल्स बनाने की विधि बताने जा रहे हैं, ताकि आप अपने परिवार के लिए भी स्वादिष्ट और हेल्दी नूडल्स बना सकें।

हेल्दी नूडल्स बनाने के लिए सबसे पहले आपको सही नूडल्स का चयन करना है। इसके लिए मैदे से बनी नूडल्स की जगह आटा या फिर मल्टीग्रेन नूडल्स का इस्तेमाल करें। नूडल्स को उबालने के लिए पानी में थोड़ा सा तेल और नमक अवश्य डालें। पानी में पड़ा तेल नूडल्स को चिपकने नहीं देगा। 5 मिनट नूडल्स को उबलने के बाद इसे छानकर अलग निकाल लें। पानी से छानने के बाद नूडल्स में थोड़ा सा तेल लगा लें, ताकि ये चिपके नहीं। अब बारी आती है सब्जियों को तैयार करने की तो इसके लिए सबसे पहले एक पैन में थोड़ा सा घी या ऑलिव ऑयल डालें।





# पेट की चर्बी कम करने के लिए अपनाएं कुछ आसान से तरीके

बैली फैट से आजकल अधिकतर लोग परेशान हैं। कई बार व्यक्ति शरीर से मोटा नहीं होता लेकिन उसका पेट बाहर निकला होता है। इस तरह के फैट को कम करने के लिए रात के समय कुछ विशेष एक्सरसाइज करने से फायदा हो सकता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे ही एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं जो आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

### प्लैंक

प्लैंक एक्सरसाइज पेट की मांसपेशियों को मजबूती देता है और खासतौर पर पेट के निचले हिस्से में जमा फैट को टार्गेट करता है। इसको करना बेहद आसान है। अपने शरीर को फर्श पर सीधा रखे और अपने पैरों के पंजों और कोहनी पर अपना वजन डालते हुए शरीर को सीधा और तानें रखें। अपने पेट को अंदर की ओर खींचे और इसे इस स्थिति में 20-30 सेकंड तक बनाए रखें। धीरे-धीरे समय बढ़ाएं जब तक आप 1-2 मिनट तक प्लैंक करने में सक्षम न हो जाएं।

### बाइसिकल क्रंचेस

बाइसिकल क्रंचेस एक्सरसाइज पेट के दोनों हिस्सों को टोन करती है और बैली फैट को कम करने में मदद करती है। पीठ के बल लेट जाएं और दोनों पैरों को हवा में उठाएं, जैसे आप साइकिल चला रहे हों। अपने दाएं कोहनी को बाएं घुटने तक पहुंचाने की कोशिश करें, और फिर बाएं कोहनी को दाएं घुटने तक। इसे बारी-बारी से करें और कम से कम 15-20 बार रिपीट करें।

### लेग रेज़

लेग रेज़ एक्सरसाइज पेट के निचले हिस्से को टोन



करती है और विशेष रूप से पेट के निचले हिस्से में जमा फैट को कम करने में मदद करती है। इसको करने के लिए पीठ के बल लेट जाएं और दोनों पैरों को एक साथ सीधे रखें। धीरे-धीरे अपने पैरों को ऊपर की ओर उठाएं और फिर नीचे लाएं, लेकिन पैर पूरी तरह से फर्श पर न रखें।

### स्क्वाट्स

स्क्वाट्स एक्सरसाइज पूरे शरीर को टोन करती है, साथ ही पेट और कमर के आसपास की मांसपेशियों को भी मजबूत करती है। इसे करने के लिए पैरों को कंधे की चौड़ाई में खोलें और हाथों को आगे की ओर रखें। अपने घुटनों को मोड़ते हुए नीचे की ओर बैठने की कोशिश करें, जैसे आप कुर्सी पर बैठ रहे हों। 15-20 बार रिपीट करें।

### माउंटेन क्लाइंबर्स

माउंटेन क्लाइंबर्स एक्सरसाइज कार्डियो की तरह काम करती है और पेट की वसा को जलाने में मदद करती है। फर्श पर प्लैंक पोजीशन में आएं और जैसे आप दौड़ रहे हों, वैसे पैरों को तेजी से बदलते हुए लाएं। इसे 20-30 सेकंड तक तेज़ी से करें।

### कोबरा पोज़

यह पेट और पीठ के निचले हिस्से की मांसपेशियों को स्ट्रेच करता है और शरीर की लचीलापन को बढ़ाता है। पेट के बल लेट जाएं और दोनों हाथों को सीधा रखते हुए कंधों के पास रखें। धीरे-धीरे अपनी छाती और सिर को ऊपर की ओर उठाएं, जैसे सांप की तरह मुंह खोलने की कोशिश करें। इस स्थिति में 20-30 सेकंड तक रहें और फिर धीरे से नीचे आएं।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई | कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड | प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर | रुई गद्दा | टावेल | तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार
निरंकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

शीतल का फंडा पूरा घर ठंडा
DUCK कूलर
विन्डो कूलर
कूलर हाउस
गांधी चौक, रंग मंदिर, नया नगर निगम के पास, रायपुर
(रतन जैन) (आकाश जैन)
9827129211, 9826164650

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## भारत में लोग रूबरू होंगे 'थंडरबोल्ट्स' से, फिर देखेगी बाकी दुनिया



मार्वल स्टूडियो की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' भारत में रिलीज को पूरी तरह से तैयार है। फिल्म को लेकर लोगों में काफी उत्साह भी बना हुआ है। अगर आप भी मारवल्स की फिल्मों के शौकीन हैं और उनका इंतजार बेसब्री से करते हैं, तो ये खबर आपके लिए है। क्योंकि मारवल स्टूडियोज की आगामी फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' दुनियाभर में भी रिलीज होने से पहले भारत में रिलीज हो रही है। वो भी सिर्फ एक महीने के बाद।

एक ऐसे मिशन के लिए तैयार हो जाइए, जो पहले कभी नहीं देखा होगा। क्योंकि एंटी हीरोज की ये टीम एक खतरनाक मिशन पर निकल रही है। मार्वल स्टूडियो की फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' के भारत में रिलीज होने में अब सिर्फ एक महीना ही बाकी रह गया है। ये फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म के एक महीना बाकी रह जाने पर मार्वल स्टूडियो ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का फिल्म से जुड़ा एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, "अवेंजर्स नहीं आ रहे, लेकिन थंडरबोल्ट्स आ रहे हैं। एक महीना बाकी है।"

'थंडरबोल्ट्स' एक्शन से भरपूर एक धमाकेदार फिल्म होने वाली है। इस फिल्म का ट्रेलर फरवरी में ही जारी कर दिया गया था। ट्रेलर के सामने आने के बाद से ही दर्शक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ट्रेलर में 'थंडरबोल्ट्स' टीम का पूरा परिचय दिया गया था। इस फिल्म की स्टारकास्ट की बात करें फिल्म में फ्लोरेंस पुघ, सेबेस्टियन स्टेन, डेविड हार्बर, वायट रसेल और ओल्गा कुरीलेन्को मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

### टॉलीवुड

## रवि तेजा की 'मास जतारा' की रिलीज डेट में बदलाव, अब जुलाई का इंतजार



साउथ अभिनेता और मास महाराजा रवि तेजा के जन्मदिन के अवसर पर उनकी आगामी फिल्म 'मास जतारा' का दमदार टीजर जारी किया गया था, जिसमें रवि पुलिस अफसर की भूमिका में नजर आए। वहीं अब यह जानकारी आई है कि इसकी रिलीज डेट में बदलाव किए गए हैं।

साउथ अभिनेता रवि तेजा इन दिनों अपनी फिल्म 'मास जतारा' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनके साथ पुष्पा फेम अभिनेत्री श्रीलीला नजर आएंगी। इस फिल्म को भानु बोगावरापु द्वारा लिखित और निर्देशित किया गया है। फिल्म को अब 9 मई की जगह जुलाई की किसी तारीख को रिलीज किया जाएगा।

पवन कल्याण अभिनीत 'हरि हर वीरा मल्लू' की रिलीज डेट और रवि तेजा की 'मास जतारा' की रिलीज डेट एक ही दिन होने के कारण ही इसकी रिलीज डेट में बदलाव किए गए हैं। यानी की अब रवि तेजा की फिल्म के लिए फैंस को थोड़ा और इंतजार करना होगा क्योंकि अब फिल्म मई की जगह जुलाई मे रिलीज होगी।

रवि तेजा की 'मास जतारा' की नई रिलीज डेट की जानकारी की घोषणा जल्द की जाएगी। फिल्म का संगीत भीम्स सेसिरोलेओ ने तैयार किया है। इस फिल्म को नागा वामसी और साई सौजन्या ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म का निर्देशन भानु भोगवरपु कर रहे हैं।

### छॉलीवुड

## डांसिंग स्टार करण किरण की फिल्म 'मया बिना रहे नइ जाए' आज से बड़े परदे पर



छत्तीसगढ़ी सिनेमा में पारिवारिक फिल्म ₹एवीएम₹ गाना ऑडियो वीडियो कंपनी के बैनर तले बनी फिल्म ₹मया बिना रहे नइ जाए₹ 4 अप्रैल से समूचे छत्तीसगढ़ के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

निर्माता संतोष कुर्रे और उनके पुत्र दीपक कुर्रे के निर्देशन में बनी फिल्म में नायक करन एवं किरण पहले भी लगभग 200 हिट एल्बम गीतों में साथ नजर आ चुके हैं। निर्देशक दीपक कुर्रे को छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री का लंबा अनुभव जैसे कैमरा ,एडिटिंग ,डबिंग में काफी अच्छा अनुभव रहा है, इन्होने ब्लॉक बस्टर निर्देशक सतीश जैन के साथ सहायक के रूप मे काम किया है। संगीतकार कैलाश मांडले ने फिल्म के गीतों को कर्णप्रिय बनाया है जो दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है।

निर्माता संतोष कुर्रे ने बताया कि करन-किरण की जोड़ी को एल्बम गीतों में दर्शकों से जबरदस्त प्यार मिला, जिसके चलते उन्होंने फिल्म बनाने की परिकल्पना की। फिल्म मे करण किरण चौहान, सुमित्रा साहू पुष्पेंद्र सिंह मनोज जोशी, अंजलि चौहान, संगीता निषाद, भूपेश लिल्हारे, मायरा यदु, दीवाना पटेल, शशि रंगीला ,सरला गंधर्व चौहान, झरनेश यादव, शंकर झारिया, मुस्कान शर्मा, रितेश चौहान, पिंकी साहू, बबली कुर्रे और अमर सिंह कुर्रे ने अदाकारी की है। ₹मया बिना रहे नइ जाए₹ साफ-सुथरी, पारिवारिक ताने-बाने, और इमोशन्स से भरपूर फिल्म है। इसके शानदार गाने, दमदार अभिनय और बेहतरीन निर्देशन इसे खास बनाते है, जो दर्शकों को बेहद पसंद आयेंगे ।




जब रैंप पर स्पोर्ट्स वाली फीलिंग देनी हो तो डिजाइनर क्या कुछ नहीं करते। यहां प्यूमा के हाई टॉप जूते और स्लीक, पीछे की ओर खींचे गए बालों के ऊपर पहनी गई टेनिस कैप ने फैशन के इस नए कलेक्शन के स्पोर्टी एज को रेखांकित किया है। लेदर और नियोप्रीन का व्यापक उपयोग इन डिजाइनों की खासियत है। इनमें कलर पैलेट ज्यादातर गैम्बोज, आइवरी और सैप ग्रीन तक ही सीमित है।

## पैरों की खूबसूरती बढ़ाएंगे बेहतरीन मेहंदी डिजाइन

शादी विवाह या अन्य अवसर पर पैरों पर लगाने के लिए खूबसूरत मेहंदी के ढूंढ रहे हैं, तो यहां पर हम आपको ऐसे पांच खूबसूरत और शानदार पैरों के लिए मेहंदी के डिजाइन दिखाएंगे जो कि आपकी पैरों की खूबसूरती बढ़ा देंगे अगर आप भी अपने पैरों को बेहतरीन और आकर्षक दिखना चाहती है तो आपके लिए कुछ ऐसे डिजाइंस जो कि आपको बेहद ही पसंद आने वाली है।

### फूलों और बेलों वाला डिजाइन

यह मेहंदी की डिज़ाइन पैरों के लिए बेहतरीन ऑप्शन है इसमें फूल और बैलों का दोनों का मिश्रण है जो की बेहद ही सुंदर दिख रही है इसमें छोटे-छोटे बीच में फ्लावर को बनाए गए हैं जो की पैरों पर काफी आकर्षक दिखेगी और इसमें जालीदार पैटर्न के साथ ही डिजाइन को कंप्लीट किया गया है खास तौर पर दुल्हन भी अपने पैरों पर डिजाइन को लगवा सकती है ।

### अरेबिक फुट मेहंदी डिजाइन

अरेबिक मेहंदी के डिज़ाइन पैरों के लिए बेहद आकर्षक होते हैं यह खास तौर पर पैरों



पर हल्के रंग के पैटर्न बनाए जाते हैं, इस डिजाइन में फूल और कई सारे गोल पैटर्न होते हैं जो की पैरों की उंगलियों से लेकर पंजों तक बनाए गए हैं और इसमें छोटे-छोटे कमल का फूल के साथ ही बेहद प्यारी और एक शानदार से डिजाइन को बनाया गया है जो कि आपके पैरों पर काफी सुंदर भी दिखने वाली है।

### ट्रेडिशनल लुक देने ये डिजाइंस

त्यौहार पर चाहते हैं पैरों को ट्रेडिशनल लुक देना तो आपको यह ट्रेडिशनल मेहंदी के लिए जरूर ट्राई करना चाहिए यह आपको पारंपरिक लुक देती है और इसमें ज्यादातर फुल पत्ती का पैटर्न होता है और इसमें काफी प्यारा सा महल की तरह डिजाइन को बनाए गए और ऊपर से कमल का फूल है जो की खास तौर पर दुल्हन को यह डिजाइन काफी पसंद आती है।

### हाफ पैर मेंहदी डिजाइन

पैरों के दिखाना चाहते हैं यूनिक और हटके लगे अपने पैरों पर यह मेहंदी डिजाइन जो की हाफ पैरों बनाए गए हैं और एक काफी सुंदर दिख रही है, यह मेहंदी डिजाइन में पैरों के कुछ हिस्सों में हाफ हिस्से में सजाए गए हैं

### भरा हुआ फूट मेहंदी डिजाइन

दुल्हन के अलावा अन्य महिलाओं को भी काफी पसंद आती है, यह पूरा भरा हुआ डिजाइन अगर आपकी होने वाली है शादी या फिर किसी और की होने वाली है, तो आप उनको यह डिजाइन भेज सकते हैं जो की पैरों पर पूरा भरा हुआ डिजाइन है और इसमें बीच में छोटे-छोटे कमल का फूल बनाया गया है।

## स्टाइल कीजिए खूबसूरत डिजाइंस वाले फ्रॉक सूट, पार्टी में दिखेगा आपका जलवा



शादी के लिए हम कई सारी शॉपिंग करते हैं, और शादी में ऐसे कई सारे आउटफिट पहनते हैं लेकिन जब भी बात आती है रिसेप्शन में क्या पहने तो इसे लेकर काफी कंफ्यूजन रहते हैं अगर रिसेप्शन पार्टी में जा रहे हैं और चाहते हैं सब आपकी तारीफ करें तो हम आपको कुछ ऐसे अनारकली सूट दिखाएंगे जो कि आपका लुक को शानदार बताएंगे और इस आप किसी के भी रिसेप्शन पार्टी पहन कर जा सकते हैं और यह फ्रॉक सूट इन दोनों काफी चलन में बना हुआ है इसका डिजाइन और फैब्रिक बहुत ही प्यारा है जो कि हर किसी आकर्षित करता है।



आज हम आपको कुछ ट्रेंडी और बेहतरीन फ्रॉक सूट डिजाइन दिखाएंगे जो कि आपको जरूर पसंद आने वाली है और यह सूट कंफर्टेबल होने के साथ ही आपको रॉयल लुक देती है और यह सभी डिजाइन की अनारकली सूट रिसेप्शन पार्टी के लिए एकदम परफेक्ट होने वाली है तो चलिए एक नजर डालते हैं ।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क फ्रॉक सूट

एंब्रॉयडरी वर्क वाले सूट हर पार्टी पहनने के लिए एक बेहतरीन ऑप्शन है इस सूट में नेक में एंब्रॉयडरी के वर्क होती है जो कि आपको एक रॉयल और एलिगेंट लुक देती है सूट के टॉप पर बारीकी एंब्रायडरी वर्क की गए हैं जो यह रिसेप्शन पार्टी पर पहनने के लिए बेहतरीन है यह सिल्क में है और दुपट्टा भी इसका बनारसी सिल्क में है जो की भी काफी ट्रेंड कर रही है इसके साथ अभी भी हैवी इयरिंग्स को स्टाइल कर सकते हैं आपका लुक निखर कर आएगा।

### लॉन्ग ग्रे कॉलर सूट

ग्रे कलर की यह लॉन्ग अनारकली सूट मॉडर्न एंड स्टाइलिश है जो की रिसेप्शन पार्टी पर ग्लैमरस लुक देते है, ये सूट लंबी है और इसके कलर पर बेहद ही अट्रैक्टिव डिजाइन बनाए गए हैं और इसका दुपट्टा नेट में दिया गया है जो की हैवी में है और अनारकली सूट और बीच में प्लान है, नेक और नीचे से वर्क किए गए हैं और इसका दुपट्टा मैं आपके पूरे एंब्रॉयडरी का वर्क देखने को मिल जाएगी जो की हैवी में है । दुपट्टा ही इसका लुक में चार चांद लग रही है यह अनारकली सूट एलिगेंट और फैशनेबल है जो की रिसेप्शन पार्टी में सबका ध्यान आपकी ओर आकर्षित करेगा।

## ऑनलाइन पसंद आ गया है चश्मा तो खरीदने से पहले इन बातों पर ध्यान दें

ऑनलाइन शॉपिंग करना वैसे तो काफी आसान है, लेकिन जब बात आती है चश्मा खरीदने की तो लोग थोड़ा संशय में आ जाते हैं। दरअसल, हम ऑनलाइन चश्मा देख तो लेते हैं लेकिन खरीदने से पहले डाउट रहता है कि वो हमपर अच्छा लगेगा भी या नहीं। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप ऑनलाइन भी अपने लिए परफेक्ट चश्मा खरीद सकते हैं।

### चेहरे के आकार का रखें ध्यान

भले ही चश्मा ऑनलाइन खरीद रहे हैं तो एक बार अपने चेहरे के आकार पर अवश्य ध्यान दें। यदि चश्मा चेहरे के हिसाब से नहीं होगा, तो ये देखने में अजीब लगेगा। यदि आपका चेहरा वर्गाकार है तो आपके चेहरे की सीधी और चौड़ी लकीरें होंगी, ऐसे में आपके चेहरे पर हमेशा ही गोल, राउंड या ओवल शेप के चश्मे अच्छे लग सकते हैं।

जिन लोगों का चेहरा गोल होता है, उनपर हमेशा चौड़े फ्रेम, रेक्टेंगल या स्क्वायर चश्मे अच्छे लगते हैं। हार्टशेप चेहरे वाले लोगों पर कैट आई या ऑवली शेप चश्मे अच्छे लगेंगे।



जिनका चेहरा लंबा है उन लोगों को चोड़े फ्रेम ही इस्तेमाल करने चाहिए।

### मौसम के हिसाब से देखें फ्रेम

इस बात पर कोई ध्यान नहीं देता है, जबकि हर किसी को चश्मे का फ्रेम खरीदते समय मौसम का भी ध्यान रखना चाहिए।

इसके लिए गर्मी के मौसम में हमेशा प्लास्टिक के फ्रेम का इस्तेमाल किया जाता है, क्योंकि प्लास्टिक के चश्मे ज्यादा स्टाइलिश होते हैं और इसमें हल्के रंग भी आते हैं। इनमें वजन कम होता है, जिस वजह से आंखों के आस-पास कोई खतरा नहीं रहता है। मेटल फ्रेम का चयन तब करें, जब सर्दी का मौसम हो, गर्मी में इससे आपको एलर्जी से खतरा हो सकता है।

## गले की खास डिजाइन बढ़ा देगी आपके ब्लाउज की खूबसूरती

परफेक्ट लुक के लिए सिर्फ साड़ी ही नहीं, उसके साथ पहने जाने वाले ब्लाउज की डिजाइन पर भी ध्यान देना जरूरी है। सही ब्लाउज डिजाइन से साड़ी का आकर्षण और बढ़ जाता है। इस समय नेक ब्लाउज ट्रेंड में हैं, जिनको आप ट्राई कर सकती हैं।

### हॉल्टर कॉलर

यह ब्लाउज डिजाइन बेहद स्टाइलिश और ट्रेंडी है, जो आपके स्टाइल को एक नया आयाम देती है। इसका खुला डिजाइन गले के हिस्से को खूबसूरती से हाइलाइट करता है, जिससे आपको एक मॉडर्न और फैशनेबल लुक मिलता है। यह ब्लाउज साड़ी या लहंगे के साथ खासतौर पर पार्टी या खास आयोजनों में पहनने के लिए परफेक्ट है। हॉल्टर कॉलर ब्लाउज आपको एक कूल और कंफर्टेबल फील देता है।

### पैक कॉलर

अगर आप ब्लाउज में बहुत ज्यादा ओपन डिजाइन पसंद नहीं करती हैं तो पैक कॉलर ब्लाउज आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। पैक



कॉलर ब्लाउज एक क्लासी और स्टाइलिश विकल्प है, जो किसी भी साड़ी या लहंगे के साथ शानदार दिखता है। इसका डिजाइन आपके लुक में मॉडर्न टच जोड़ता है। पैक कॉलर की सादगी और सूक्ष्मता इसे हर उम्र की महिलाओं के लिए परफेक्ट बनाती है। यह ब्लाउज खासतौर पर उन महिलाओं के लिए बेस्ट है, जो एक मिनिमलिस्टिक लुक चाहती हैं। साड़ी या लहंगे के साथ यह ब्लाउज बहुत ही आकर्षक और ट्रेंडी लगता है।

### कार्नर न्यूज

### हाफ-फुल ही क्यों, फैशनेबल पुरुषों को ऐसी स्लीव्स वाली शर्ट्स भी पहननी चाहिए

## इन दिनों चलन है कुछ खास स्लीव्स वाली शर्ट्स का, अपनाएंगे तो लोगों की नजरें होंगी आप पर

पुरुषों की शर्ट्स कई प्रकार की होती हैं। हम हमेशा शर्ट को कलर, पैटर्न, कॉलर स्टाइल, पॉकेट स्टाइल के आधार पर चुनते-खरीदते और पहनते हैं। क्योंकि स्लीव्स के बहुत सारे विकल्प नहीं मिलते। इस मामले में लड़कियां आगे हैं क्योंकि उनके लिए पहले से ही कई प्रकार की स्लीव्स वाली शर्ट्स आ रही हैं। अगर लड़कों की शर्ट्स की स्लीव्स की बात करें तो मुख्य रूप से दो प्रकार की होते हैं- हाफ स्लीव्स शर्ट्स और फुल स्लीव्स शर्ट्स।

यकीनन आपके पास इन दो प्रकार की शर्ट्स होंगी। लेकिन अब आपके पास अन्य विकल्प भी मौजूद हैं। मेंस शर्ट्स की स्लीव्स भी अलग-अलग प्रकार की आ रही हैं। एक ही तरह की घिसी-पिटी स्टाइल से तंग आ चुके हैं तो अब कुछ नया ट्राय करने के बारे में सोचें। इसके साथ ही अपने दुहराते फैशन को विराम दे सकते हैं।

अगर आप इस तरह की स्टाइलिश स्लीव्स वाली शर्ट्स पहनते हैं तो बढ़िया। अन्यथा फैशन की लेटेस्ट जानकारी के हिसाब से भी इसके बारे में पढ़ सकते हैं। वैसे



भी जानकारी रखने में कोई हर्ज नहीं है। चलिए अब हम न्यू स्टाइल की स्लीव्स वाली शर्ट्स के बारे में जानते हैं-

### बैटविंग स्लीव्स शर्ट्स

बैटविंग स्लीव्स नाम देने के पीछे इसका खास महत्व है। किसी भी चीज का नामकरण खासियत देखने के बाद किया जाता है। दरअसल, इस तरह की शर्ट्स के स्लीव्स पंखों की तरह दिखते हैं। जैसे- पर फैलाए पक्षी की तरह यह शर्ट मालूम पड़ता है। इसलिए इसका नाम बैटविंग स्लीव्स पड़ा है।

इस तरह की स्लीव्स वाली शर्ट्स लूज होती



हैं। सामान्य शर्ट्स की तरह ये टाइट फिट नहीं होते हैं। बैटविंग स्लीव्स की बात करें तो ये आर्मपिट्स के पास से काफी लूज रहता है। इसकी सिलाई भी खास प्रकार की होती है। इसको कैरी करना भी सामान्य शर्ट के मुकाबले कठिन हो सकता है। मगर नामुमकिन नहीं है।

### लेग ऑफ मटन स्लीव्स शर्ट्स

आप नाम से ही इसके बारे में अंदाजा लगा सकते हैं कि यह किस तरह की शर्ट होगी। इसे समझने की भाषा में लेग ऑफ मटन स्लीव्स शर्ट्स कहते हैं। साथ ही इसे गिगोट स्लीव्स भी कहते हैं। इन दो नामों से इसे जाना जाता है।

इस तरह की शर्ट गले, छाती से लेकर कमर तक चिपकी होती है। मतलब कि एकदम फिटिंग दिखाई देगी। किंतु स्लीव्स की बात करें तो ये फुले-फुले होते हैं। एकदम मटन लेग की तरह मालूम होते हैं। साथ ही इसके कफ भी पूरी तरह से फिट होते हैं जो कलाई के पास पकड़े रहते हैं। इस तरह की स्लीव्स में अधिकतर लड़कियां दिखती हैं।